# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026





# ई-रिक्शा रोकने वाले बेट-बीएमएस सहित तीन ऐप्स को प्लेस्टोर से हटाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ई-रिक्शा चालकों को इन दिनों एक अजीब समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर चलते-चलते ई-रिक्शा अचानक बंद हो जाते हैं और दोबारा स्टार्ट नहीं होते। खास बात ये है कि ये सब किसी खराबी या बैटरी डिस्चार्ज की वजह से नहीं, बल्कि चीनी ऐप की मदद से हो रहा है। जिसके बाद केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने ऐसे मोबाइल ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनका इस्तेमाल चलते हुए ई-रिक्शा को बीच सड़क में बंद करने के लिए किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है।

**तीन ऐप्स हटाए गए :** केंद्र सरकार ने बेट-बीएमएस, Epoch-i-ion और Lossigy ऐप्स नाम के इन ऐप्स को ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे तीन ऐप के बारे में पता चला था और उन्हें ऐप स्टोर से हटा दिया गया है। ये ऐप बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम ऐप हैं, जो ब्लूटूथ के जरिए लिथियम-आयन बैटरी से कनेक्ट होकर उसकी निगरानी करते हैं।

### जेल और 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

वहीं अगर आप भी इस ऐप का इस्तेमाल करके किसी ई-रिक्शा को बंद करने की सोच रहे हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए. इंटरनेशनल कमीशन ऑफ साइबर सिक्योरिटी लॉ के चेयरमैन पवन दुग्गल ने कहा कि ये कोई सामान्य हरकत या मजाक नहीं, बल्कि एक अपराध है। ये सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66, जिसे धारा 43 के साथ पढ़ा जाता है, के तहत दंडनीय हो सकता है। ऐसे अपराध के लिए 3 साल तक की जेल और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## एक क्लिक में रुक जाते थे ई-रिक्शा, लोगों को हो रही थी परेशानी

### ऐसे किया जा रहा था गलत इस्तेमाल

शरारत करने वाले लोग मोबाइल में ऐप खोलकर आसपास मौजूद ई-रिक्शा की बैटरी से ब्लूटूथ के जरिए कनेक्ट हो जाते थे। इसके बाद ऐप में मौजूद डिस्चार्ज स्विच दबाते ही ई-रिक्शा की बैटरी की पावर कट जाती थी और वाहन बीच सड़क में रुक जाता था। ड्राइवर को समझ ही नहीं आता था कि आखिर ई-रिक्शा अचानक क्यों बंद हो गया। वाहन तब तक दोबारा चालू नहीं होता था, जब तक उसी ऐप से उसे फिर से ऑन न किया जाए। ऐसे लोग ई-रिक्शा चालकों से पैसा वसूल कर रहे थे।



### आईटी सेक्रेटरी ने की पुष्टि

कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कृष्णन ने कहा, यह सच है... कुछ ऐप हैं जिनके बारे में हमें पता चला और उन ऐप स्टोर से हटा दिया गया है। उन्होंने यह पुष्टि सीआईआई साइबर सिक्योरिटी समिट के दौरान की। यह मामला गुरुवार को तब चर्चा में आया जब ऐसे वीडियो सामने आए जिनमें चीनी स्मार्टफोन ऐप बेट-बीएमएस से जुड़े रिमोट शटडाउन फीचर के जरिए कुछ ई-रिक्शा को दूर से ही रोका जा रहा था। इन वीडियो ने साइबर सिक्योरिटी को होने वाले खतरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

---

'बाथरूम मर्डर' ने उड़ाए होश

सोनम-सिया से आगे निकली आगरा की रूबी

# 45 दिन तक फर्श के नीचे दफन था पति पत्नी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा से एक ऐसा हत्याकांड सामने आया है, जिसने पुलिस और स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया। करीब 45 दिन तक सुरेंद्र शर्मा नामक एक व्यक्ति के लापता होने की कहानी चलती रही, लेकिन जब पुलिस ने घर के बाथरूम की फर्श को तुड़वाया तो नीचे से उसका शव बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी रूबी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि इस पूरी घटना में किसी और की भी भूमिका थी या नहीं। मामला आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र की प्राची टावर चौकी इलाके स्थित रेणुका धाम कॉलोनी का है। यहां रहने वाले 44 वर्षीय सुरेंद्र कुमार शर्मा 18 मई से लापता बताए जा रहे थे। परिवार और रिश्तेदार उनकी तलाश में जुटे हुए थे। बाद में 26 मई को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान कई बातें मेल नहीं खा रही थीं। शुक्रवार को पुलिस एक पुराने मामले के सत्यापन के सिलसिले में दोबारा घर पहुंची।

- 18 मई से लापता था सुरेंद्र शर्मा
- पुराने मामले के सत्यापन में खुला राज

### नए फर्श ने बढ़ाया शक, कराई खुदाई

तलाशी के दौरान पुलिस की नजर बाथरूम के फर्श पर पड़ी। वहां ताजा प्लास्टर देखकर पुलिस ने बाथरूम के फर्श खुदाई कराई तो वहां से सुरेंद्र शर्मा का शव बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी पत्नी रूबी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस का कहना है कि उसने बताया कि घटना से पहले ही बाथरूम का काम कराने के लिए मिस्त्री और मजदूर बुलाने की तैयारी कर ली गई थी।

---

## पूरे देश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 9 जुलाई को होगा अंतिम संस्कार

# तेहरान पहुंचा खामेनेई का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार में जुटेंगे करोड़ों लोग

*ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हो गई हैं। इस दौरान ईरान के कई शहरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। 9 जुलाई को उन्हें उनके गृह नगर मशहद में दफनाया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खामेनेई इसी साल 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमले में मारे गए थे। इस हमले में खामेनेई के अलावा उनकी बेटी, दामाद, पोती और बहू के साथ कई शीर्ष ईरानी अधिकारियों की भी मौत हो गई थी। इसी हमले में उनके बेटे मोजतबा खामेनेई भी घायल हो गए थे, जो बाद में अगले सर्वोच्च नेता बनाए गए। खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह में 1.5 से 2 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। पूरे देश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भी खामेनेई को श्रद्धांजलि दी।



### आज से कार्यक्रम, 9 को अंतिम संस्कार

अंतिम विदाई समारोह 4 जुलाई की सुबह तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड प्रेयर ग्राउंड्स में शुरू होगा। यहां लोगों को अंतिम दर्शन का अवसर मिलेगा। इसके बाद 5 जुलाई की सुबह अंतिम संस्कार की नमाज के बाद अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। उनकी अंतिम यात्रा 6 जुलाई से शुरू होगी, जो 9 जुलाई को मशहद में समाप्त होगी। यहीं खामेनेई और उनके परिवार का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### इराक भी ले जाया जाएगा शव

खामेनेई का शव 7 जुलाई की शाम को इराक के नजर शहर ले जाया जाएगा। 8 जुलाई को सुबह 6 बजे नजफ और शाम 4 बजे कर्बला में अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। दरअसल, नजफ और कर्बला शिया इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में गिने जाते हैं। नजफ़ में पहले शिया इमाम और पैगंबर मोहम्मद के चचेरे भाई इमाम अली का रौजा है। वहीं, कर्बला में इमाम हुसैन का मजार है, जो शिया इस्लाम की सबसे अहम हस्ती हैं।

### भारत सहित दुनिया भर से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल

*खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत सहित 30 से ज्यादा देशों के नेता और प्रतिनिधि और 90 देशों के धार्मिक प्रतिनिधियों को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा 4 जुलाई को ईरान जाकर अंतिम संस्कार समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।पाकिस्तान, रूस और चीन समेत कई देशों के प्रतिनिधिमंडल ईरान पहुंच रहे हैं।*

### मोजतबा खामेनेई अंतिम संस्कार में नहीं होंगे शामिल

*भारत में ईरान के वर्तमान नेतृत्व के प्रतिनिधि अयातुल्ला हकीम इलाही ने बताया कि सुरक्षा कारणों से नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अपने पिता के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इजरायल से जुड़े संभावित सुरक्षा खतरे और निगरानी की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।*

---

*आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हुए दोनों देश*

# जापान ने कहा- आतंकवाद बर्दाश्त नहीं, लगाम लगाए पाक



### पाक से आतंकी संगठनों पर एक्शन की मांग

भारत और जापान ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित सभी आतंकी संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की। इसमें अल-कायदा, आईएसआईएस, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और इनके सहयोगी संगठनों का नाम भी शामिल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और जापान ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। नई दिल्ली में हुई भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सना तकाइची ने आतंकवाद के हर रूप की कड़ी निंदा की।

दोनों नेताओं ने खास तौर पर पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बताया। संयुक्त बयान में दोनों प्रधानमंत्रियों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। साथ ही 29 जुलाई 2025 की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मॉनिटरिंग टीम की उस रिपोर्ट का भी जिक्र किया, जिसमें द रेजिस्टेंस फ्रंट का जिक्र किया गया था। उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों, साजिश रचने वालों और आर्थिक मदद देने वालों को बिना किसी देरी के कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान बढ़ा रहा आतंकवादियों को

संयुक्त बयान में कहा गया, हम आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के हर रूप और अभिव्यक्ति की बिना किसी शर्त के कड़ी निंदा करते हैं। इसमें पाकिस्तान से होने वाला सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। भारत और जापान का यह साझा रुख ऐसे समय सामने आया है, जब भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठा रहा है। संयुक्त बयान को आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों की मजबूत रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक सहयोग के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹109553/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹133800/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹146055/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026


## हरिभूमि- आईएनएच का जिला संवाद पेंड्रा में 6 को



डॉ हिमांशु द्विवेदी | राजेश अग्रवाल | अटल श्रीवास्तव | प्रणव मरपच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में चल रही विकास योजनाओं और क्षेत्र की समस्याओं पर मंथन के लिए जिला संवाद- 2026 का आयोजन 6 जुलाई को होगा। मल्टीपर्पस स्कूल पेंड्रा रोड के असेंबली हाल में दोपहर एक बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ हिमांशु द्विवेदी जिले के जनप्रतिनिधियों से सवाल करेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी, एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, कोटा क्षेत्र के विधायक अटल श्रीवास्तव, मरवाही के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, पूर्व विधायक डॉ० के के ध्रुव,जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नगरपालिका गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, जिला भाजपा अध्यक्ष लाल जी यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गजमती भानु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जनता के साथ सीधा संवाद भी होगा जिसमें लोग अपने जनप्रतिनिधि से सवाल कर सकेंगे।

## अंदेशा...तस्करों ने दो नहीं, चार बाघों का किया है शिकार

# मारे गए दो टाइगर, कंकाल से मैच कर रही एक की खाल दूसरे की नहीं, यानी इंद्रावती में और भी बाघ मारे गए!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघ के शिकार मामले में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग स्क्वाड तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व के साथ पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शिकारी तथा तस्करों के कब्जे से दो बाघ के कंकाल जब्त किए हैं। इसकी पुष्टि आईटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बलगा ने की है। जिन दो बाघ के कंकाल जब्त किए गए हैं, उनमें से एक बाघ ⏭ शेष पेज 5 पर

### शिकार करने के बाद महाराष्ट्र भाग जाते हैं

वन्यजीवों के जानकारों के अनुसार छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा के शिकारी बस्तर में शिकार करने के बाद बचने के लिए महाराष्ट्र भाग जाते हैं, वहां वन्यजीवों की तस्करी करने वाले रैकेट से संपर्क कर वन्यजीवों ⏭ शेष पेज 5 पर



चार बाघों का शिकार, महाराष्ट्र पुलिस इंटेलिजेंस के जवान के साथ हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

महाराष्ट्र से लेकर ओडिशा तक कॉरिडोर

इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

मूवमेंट ट्रैक कर करते हैं शिकार

### डब्लूसीसीबी की चेतावनी की अनदेखी

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने वन मुख्यालय को मई में पत्र लिखकर पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। डब्लूसीसीबी ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बिग कैट प्रताजि के वन्यजीव बाघ, तेंदुआ के शिकार कर उनकी खाल, अंगों की तस्करी होने की आशंका व्यक्त की थी। शिकार के खतरे से निपटने के लिए पहले से ज्यादा सतर्कता बरतने का अलर्ट किया था।

## खबर संक्षेप



### राजामौली का फ्रांस में सम्मान, 'वॉल ऑफ फिल्म मेकर्स' में शामिल

**नई दिल्ली।** 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी सुपरहिट फिल्म के डायरेक्टर एसएस राजामौली को फ्रांस में एक बड़ा सम्मान मिला है। उनका नाम प्रतिष्ठित 'वॉल ऑफ फिल्ममेकर्स' में शामिल किया गया। राजामौली ने सोशल मीडिया पर इस खास पल को शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। म्यूजियम का दौरा किया और उसी स्क्रीनिंग रूम में गए, जहां उनकी फिल्में 'ईगा' और 'आरआरआर' हाउसफुल दर्शकों के साथ दिखाई गई थीं। उन्होंने बताया कि इंस्टिट्यूट ल्यूमियर और कान्स फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर थिएरी फ्रेमो ने खुद उनका स्वागत किया।

## अयोध्या राम मंदिर दान चोरी मामले में एसआईटी का बड़ा एक्शन

# 33 लोगों से 3 घंटे पूछताछ, जमीन खरीद से आभूषण गलाने तक रिकॉर्ड खंगाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या/नईदिल्ली


अयोध्या में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी ने शुक्रवार को जांच का दायरा और बढ़ा दिया। जांच के तहत दानदाताओं, भूमि खरीद से जुड़े लोगों, प्रॉपर्टी डीलरों, बैंक कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों समेत कुल 33 लोगों से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गई। एसआईटी ने ट्रस्ट की तरफ से की गई भूमि खरीद से जुड़े दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल शुरू कर दी है। इसके अलावा एसआईटी मंदिर ट्रस्ट के पिछले पांच साल के खातों का दोबारा ऑडिट करेगी।

एसआईटी ने शुक्रवार को पूछताछ के दौरान ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई जमीन, मकान, भुगतान प्रक्रिया और उससे जुड़े अभिलेखों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई गई। जांच टीम यह भी समझने का प्रयास कर रही है कि भूमि खरीद की पूरी प्रक्रिया किस तरह पूरी की गई थी। जांच के दौरान कुछ प्रॉपर्टी डीलरों से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा टिन्नू यादव के दो भांजों को भी एसआईटी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया। दोनों प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। जांच एजेंसी ने उनसे भी जमीन से जुड़े लेनदेन और अन्य पहलुओं पर जानकारी ⏭ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी से आधी रात हुई बात जेल जा सकते हैं चंपत : कटियार



राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में अयोध्या के पूर्व भाजपा सांसद विनय कटियार ने कहा कि आने वाले समय में चंपत राय को भी जेल जाना पड़ सकता है। विनय कटियार ने दावा किया कि उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंदिर मामले पर बात हो रही है। आधी रात करीब डेढ़ बजे पीएम मोदी ने उनसे ⏭ शेष पेज 5 पर



मंदिर ट्रस्ट के पिछले पांच साल के खातों का होगा अब दोबारा ऑडिट

### होसबाले बोले- 'दोषियों को मिले कड़ी सजा'



राम मंदिर चंढावा चोरी पर आरएसएस का बड़ा बयान सामने आया है। संघ सरकार्यवाक दत्तात्रेय होसबले ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने कहा, 'रामलला मंदिर में रखे हुए दान पात्रों में जमा राशि की चोरी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से समूचे समाज और राम भक्तों की भावना और श्रद्धा को आघात पहुंचा है। इस घटना से हम सभी आहत हैं।' संघ सरकार्यवाक दत्तात्रेय होसबले ने कहा, 'जांच में ⏭ शेष पेज 5 पर

### खाट पर सो रहे थे तीनों भाई


## सर्पदंश से सगे भाइयों की मौत, बड़ा बाल-बाल बचा



**अम्बिकापुर, बलरामपुर।** जिले में सर्पदंश की घटना लगातार बढ़ रही है। कुछ दिन पूर्व ही राजपुर क्षेत्र में नानी-नातिन की जबकि हाल ही में शंकरगढ़ क्षेत्र में पिता-पुत्र की सर्पदंश से मौत हो गई थी वहीं बीती रात पुनः बलरामपुर क्षेत्र के ग्राम पीपरसोत में खाट पर सो रहे दो सगे मासूम भाइयों को जहरीले सांप ने डस लिया। गनीमत था कि बड़ा भाई छोटे भाइयों के ⏭ शेष पेज 5 पर

### गांव में शोक

इधर एक साथ एक ही परिवार के दो मासूमों की मौत हो जाने की खबर लगते ही गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

चिंतन

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।



सफर
डॉ. ओपी त्रिपाठी

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद

हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा



एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर'यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

(लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष
हर्षवर्धन पान्डे



# स्वामी विवेकानंद : युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज

विवेकानन्द जिन्हें उस दौर में नरेन्द्रनाथ नाम से पुकारा जाता था, एक ऐसा नाम है जिन्होंने करिश्माई व्यक्तित्व के किरदार को एक दौर में जिया। आज भी लोग गर्व से उनका नाम लेते हैं और युवा दिलों में वह एक आयकन की भांति बसते हैं। इतिहास के पन्नों में विवेकानंद का दर्शन उन्हें एक ऐसे महाज्ञानी व्यक्तित्व के रूप में जगह देता है, जिसने अपने ओजस्वी विचारों के द्वारा दुनिया के पटल पर भारत का नाम बुलंदियों के शिखर पर पहुंचाया। उनके द्वारा दिया गया वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन की एक अनमोल धरोहर है। अपने गुरु के नाम पर विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ की स्थापना की। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ और भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेन्द्रनाथ था। ये काफी चंचल प्रवृति के थे। उनकी माता भगवान की अनन्य उपासक थी, लिहाजा मां के सानिध्य में वह भी ईश्वर प्रेमी हो गए। बचपन में विवेकानंद की मां इन्हें रामायण की कहानी सुनाती थी तो इसको यह बड़ी तन्मयता से सुनते थे। रामायण में हनुमान के चरित्र ने उस दौर में इनके जीवन को खासा प्रभावित किया, साथ ही अपनी मां की तरह वह भी शिवशंकर के अनन्य भक्त हो गए। कई बार वह शिव से सीधा साक्षात्कार करते मालूम पड़ते थे और अपनी मां से कहा करते कि उनमें शंकर का वास है। यह सब सुनकर इनकी मां चिंतित हो उठती कि उनका यह बेटा कहीं बाबा संन्यासी न बन जाए। बचपन से ही नरेन्द्रनाथ पढ़ाई लिखाई में रुचि लेने लगे।



पढ़ाई में यह अव्वल दर्जे के छात्र थे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो एक बार यह पढ़ लेते उसे कभी भूलते नहीं थे। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुज़रना पड़ा। परमहंस जैसे जौहरी ने इस रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेन्द्र को बदल दिया। इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेन्द्र उन्मत्त-से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। 25 वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रदत्त ने भगवा वस्त्र को धारण किया। अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अन्धकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की। विवेकानंद का मानना था कि जीवन में सफल होने के लिए अच्छा गुरु मिलना जरूरी है क्योंकि गुरु ही अन्धकार से ज्ञान के प्रकाश की तरफ ले जाता है। परमहंस की दी हुई हर शिक्षा को विवेकानंद ने अपने जीवन में न केवल उतारा, बल्कि लोगों को भी इसके जरिये कई सन्देश दिए जिसने आगे बढ़ने की राह खोली। 11 सितंबर 1893 के उस दिन उनके अलौकिक तत्वज्ञान ने पाश्चात्य जगत को चौंका दिया। अमेरिका ने स्वीकार कर लिया कि वस्तुतः भारत ही जगद्गुरु था और रहेगा। स्वामी विवेकानन्द ने वहां भारत और हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके ज़बरदस्त प्रभाव छोड़ा।

उस दौर में भारत के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी इन्ही के कंधों पर थी। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार वास्तविक धर्म किसी समाज, जाति, नस्ल, वंश, स्थान और समय तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य सामाजिक कल्याण है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार नैतिकता और धर्म एक ही हैं और इन मूल्यों से ओतप्रोत शिक्षा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक है। 4 जुलाई 1902 को उनका देहावसान हो गया। बेहतर होगा कि युवा पीढ़ी उनके विचारों से कुछ सीखे और उनको आयकन बनाने के बजाए उनकी शिक्षा को अपने में उतारे और प्रगति पथ पर चले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

-**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### मणिपुर जल रहा



मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारों और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### भाजपा



यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### पूजा सिंघल का मामला



"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही हैं, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।

- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

### मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया

मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंड्रु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता, मैंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी और इस मजबूत विश्वास के साथ स्वीकार किया था कि मैं परिस्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता हूं। मोल्दोवा में जब कोई प्रधानमंत्री अपने इस्तीफे की घोषणा करता है, तो वह तुरंत प्रभाव से लागू हो जाता है लेकिन नई मंत्रिपरिषद के गठन तक कार्यवाहक सरकार काम करती रहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सांदु ने मुंटेनु के इस्तीफे के बाद प्रेस में जारी एक बयान में मोल्दोवा के लिए 'जटिल दौर' के दौरान मुंटेनु के नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया।



## ऑफ बीट

### तारा कहलाने की कसौटी आखिर क्या है?

पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई-2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई-2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई-2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई-2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि टीओआई-2155बी को पूरी तरह तारा माना जा सकता है या नहीं। तारे अंतरिक्ष में मौजूद गैस के विशाल पिंडों के रूप में बनना शुरू होते हैं लेकिन गैस का कोई पिंड कितना बड़ा और भारी होना चाहिए कि वह तारा बन सके? यह सवाल सरल लगता है लेकिन खगोलविद इसके जवाब पर दशकों से बहस करते रहे हैं। किसी तारे के भीतर गुरुत्वाकर्षण का दबाव इतना अधिक होना चाहिए कि वह हाइड्रोजन परमाणुओं को आपस में मिलाकर हीलियम परमाणुओं में बदल सके और यह प्रक्रिया लंबे समय तक लगातार जारी रहे।



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष चतुर्थी | वर्ष : 24, अंक : 243 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### इन विषयों पर होगा विचार विमर्श

शिविर में प्रदेश के समग्र, संतुलित और समावेशी विकास से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। कृषि, ग्रामीण विकास, उद्योग, निवेश, पर्यटन, खेल, नवाचार, उभरती प्रौद्योगिकी, सुशासन, संस्थागत सुधार, नेतृत्व विकास तथा प्रभावी जनसेवा जैसे विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित होंगे। इन चर्चाओं के आधार पर शासन की प्राथमिकताओं, विभागीय ▸▸ शेष पेज 5 पर

### वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे लर्निंग रिसोर्स

रचनात्मक लेखन खंड में अनौपचारिक निमंत्रण, संदेश, चित्र वर्णन, लघु कहानी और दैनिक जीवन के संवाद लिखने जैसे प्रश्न होंगे। वहीं पढ़ने और लिखने का मूल्यांकन एनसीईआरटी के लर्निंग रिसोर्स पर आधारित होगा। इसके अलावा स्थानीय संस्कृति, लोककला, तकनीकी नवाचार, राष्ट्रीय पहल और स्थानीय साहित्यकारों जैसे विषयों पर प्रोजेक्ट भी तैयार कराए ▸▸ शेष पेज 5 पर

# साय कैबिनेट का चिंतन शिविर आज से आईआईएम में, राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ साझा करेंगे अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर 3.0' का आयोजन 4 एवं 5 जुलाई को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के

**विकसित छत्तीसगढ़ के विज़न, सुशासन और भविष्य की रणनीति पर होगा मंथन**



सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा आईआईएम रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य शासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, नवाचार आधारित तथा परिणामोन्मुख बनाते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के विज़न को नई गति देना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ साझा करेंगे अनुभव

चिंतन शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत आध्यात्मिक गुरु एवं मोटिवेशनल स्पीकर गौर गोपाल दास के नेतृत्व एवं जीवन मूल्यों पर व्याख्यान से होगी। इसके बाद अभय करंदीकर उभरती प्रौद्योगिकियों एवं ▸▸ शेष पेज 5 पर

# भाषा संबंधित विषयों का मूल्यांकन केवल लिखित परीक्षा से नहीं, सुनने-बोलने के भी जुड़ेंगे 40% अंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने नवमी में पढ़ाई जाने वाली तीसरी भाषा के मूल्यांकन का तरीका बदल दिया है। अब तीसरी भाषा में छात्र केवल लिखित परीक्षा के आधार पर नहीं आंके जाएंगे, बल्कि यह भी देखा जाएगा कि वे भाषा को कितना

**15% अंक निर्धारित रहेंगे रचनात्मक लेखन के लिए भाषा आधारित व्यक्तिगत अनुभव साझा करेंगे विद्यार्थी**



समझते हैं, कितनी सहजता से बोलते हैं और रोजमर्रा के संवाद में उसका कितना प्रभावी इस्तेमाल कर पाते हैं। इसके लिए बोर्ड ने नया आर-3 भाषा मूल्यांकन ढांचा लागू करते हुए सभी संबद्ध स्कूलों को इसे इसी शैक्षणिक सत्र से लागू करने के निर्देश दिए हैं। नई व्यवस्था में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कक्षा गतिविधियों के माध्यम से मूल्यांकन

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों का मूल्यांकन विभिन्न कक्षा गतिविधियों के माध्यम से किया जाएगा। इनमें चित्र का वर्णन, समूह चर्चा, भूमिका निभाना (रोल प्ले), कहानी सुनाना, ▸▸ शेष पेज 5 पर

## देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पकड़ ली है रफ्तार

# कई राज्यों में मूसलाधार, छत्तीसगढ़ में कहीं झमाझम, कहीं रिमझिम, उफान पर पहाड़ी नाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर/नई दिल्ली

देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से अगले पांच दिनों तक कई राज्यों में भारी से बेहद भारी बारिश की संभावना है। देशभर के साथ ही राजधानी दिल्ली में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट में भारी बारिश देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ में कहीं बादल जमकर बरस रहे, कहीं रिमझिम बरसात हो रही है। हिमाचल में भूस्खलन से गाड़ियां दब गईं। भारी बारिश के चलते 60 सड़कें बंद हैं। गुजरात में जहां दो बच्चे पानी में बह गए।

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके चलते कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में गुरुवार रात भारी बारिश हुई। किन्नौर के चोलिंग में बारिश के बाद मलबा नेशनल हाईवे पर आ गया। दो गाड़ियां दब गई। राज्य में 60 सड़कें बंद हैं। इधर, यूपी में शुक्रवार सुबह 3 बजे लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, जालौन समेत 5 शहरों में बारिश हुई। उन्नाव में पानी घरों में घुस गया। गुजरात के वलसाड में सड़कें पानी में डूब गईं, गाड़ियां चलते-चलते बंद हो गईं। जामनगर में दो बच्चे पानी में बह गए, स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया। सोमनाथ के सूत्रपाड़ा में घरों ▸▸ शेष पेज 5 पर

**उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना है कम दबाव का क्षेत्र**

### कवर्धा के पहाड़ी नाले में उफान, गाड़ियां फंसी



कवर्धा। राज्य में मानसून एक्टिव है और कई इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। इस बीच कबीरधाम जिले के वनांचल कुकदूर में उफनते ढोलढोली रपटे पर तेज बहाव के बीच 20-25 यात्रियों से भरी एसएमएल माजदा बीच धार में फंस गई। गाड़ी में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी सवार थे। स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी जान ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दंपती की मौत

डभरा। जांजगीर चांपा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पति पत्नी की मौत हो गई। घटना डभरा थाना क्षेत्र के बसंतपुर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम बसंतपुर निवासी आनंद राम माली उम्र लगभग 50 वर्ष एवं उनकी पत्नी धोबनीन माली उम्र लगभग 45 वर्ष 2 जुलाई को खदान की ओर काम करने गए थे। अचानक मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पति- पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वे देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो ▸▸ शेष पेज 5 पर

**डभरा के बसंतपुर की घटना**

### इधर, कबीरधाम में बड़ा हादसा



### खेत में झटका तार से करंट, बेटे को बचाने दौड़े पिता की भी मौत

कवर्धा। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बीरनपुर कला में खेत में लगाए गए अवैध विद्युत झटका तार ने एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को लील लिया। खेत में करंट की चपेट में आए बेटे को बचाने के लिए दौड़े पिता भी बिजली की चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं ग्रामीणों ने फसलों की सुरक्षा के नाम पर लगाए जा रहे अवैध करंट तारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

## एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई

# गुजरात-मप्र में जैश-ए-मोहम्मद के आठ संदिग्ध आतंकी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बड़े ऑपरेशन में पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े 8 संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो युवक महज 18 और 19 साल के हैं। जांच एजेंसियों का दावा है कि ये सभी गुजरात में एक सक्रिय आतंकी नेटवर्क स्थापित करने की कोशिश में जुटे हुए थे। इस कार्रवाई को राज्य में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

- आरोपियों में दो युवक हैं महज 18 और 19 साल के

### बनासकांठा के रहने वाले हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में बनासकांठा जिले के रहने वाले 19 वर्षीय अहमद अब्दुल्ला गाजीवाला, 22 वर्षीय मुदस्सिर अब्दुल्ला गाजीवाला और 30 वर्षीय इब्राहिम मोहम्मद हुसैन घाघा शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, इन तीनों की गतिविधियां काफी समय से निगरानी में थीं और इनके जरिए संगठन के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा पाटन जिले के रहने वाले 21 वर्षीय जकारिया दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा, 40 वर्षीय मुफ्ती फौजान इस्माइल दौवा और 21 वर्षीय मोहम्मद अमीन शेरा को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, नवसारी जिले के 22 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल रहमान सावदी और मध्य प्रदेश के रहने वाले 18 वर्षीय बिलाल दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा को भी एटीएस ने हिरासत में लिया है।

### भारत में अब तक छह बार अटैक करवा चुका है जैश

जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना साल 2000 में मसूद अजहर ने की थी। यह आतंकी संगठन भारत में अभी तक छह बाहर हमले करवा चुका है। जैश ने अप्रैल 2000 में सेना के हेडक्वार्टर पर आत्मघाती हमला करवाया था। इसके बाद अक्तूबर 2001 में जम्मू कश्मीर विधानसभा पर हमला, पठानकोट एयरबेस पर जनवरी 2016, उरी के सेना हेडक्वार्टर पर सितंबर 2016 व पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर भी अटैक हुआ था।

## अरूप को पार्टी अध्यक्ष बताते हुए लगाए बैनर

# टीएमसी के हेडक्वार्टर पर बागी गुट ने जमाया कब्जा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सत्ता खोने के बाद पार्टी पर वर्चस्व की जंग में भी ममता बनर्जी पिछड़ती दिख रही हैं। शुक्रवार को ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई में टीएमसी के बागी समूह ने कोलकाता स्थित पार्टी के मुख्यालय पर ही कब्जा जमा लिया। इन लोगों ने पार्टी ऑफिस के बाहर पोस्टर लगाया है, जिसमें अरूप रॉय को पार्टी का अध्यक्ष बताया गया है। वहीं, ममता बनर्जी को सलाहकार कहा गया है। ऋतब्रत गुट के नेताओं का दावा है कि वही असली तृणमूल हैं और पार्टी कार्यालय पर उनका अधिकार है। दफ्तर पर कब्जा करने वाले समूह में फिरहाद हाकिम, संदीपन साहा, जावेद खान और पार्टी कोषाध्यक्ष अकरुज्जमां समेत कई नेता शामिल थे।




### बागियों ने कहा- अब यहीं से होगा काम


बागी नेताओं ने ऐलान किया कि टीएमसी का दफ्तर अब उनका गुट ही इस्तेमाल करेगा। अकरुज्जमां ने कहा कि टीएमसी का इस दफ्तर से एक भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने कहा कि इस दफ्तर के मालिकों के साथ एग्रीमेंट हो चुका है। अब हमारे दल की सभी गतिविधियों का संचालन यहीं से किया जाएगा।

## दोनों मार्गों से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

# 3,800 से अधिक श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना

एजेंसी ▸▸ जम्मू

दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए शुक्रवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच 3,800 से अधिक श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा की 57 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुक्रवार सुबह एक साथ दो मार्गों से शुरू हुई। इनमें अनंतनाग जिले का पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले का 14 किलोमीटर लंबा, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग शामिल हैं। यात्रा का समापन 28 अगस्त को होगा।



### जमकर लगे जयकारे

भगवती नगर आधार शिविर में श्रद्धालुओं ने यात्रा शुरू करने से पहले 'बम-बम भोले', 'हर-हर महादेव' और 'जय बर्फानी बाबा की' के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालुओं ने यात्रा के शांतिपूर्ण और सुचारु संचालन के लिए किए गए प्रबंधों पर संतोष भी जताया।

# इंस्टाग्राम को 'बाल यौन शोषण' पर नोटिस

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम पर कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापन दिखाए जाने के मामले में केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय आईटी मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों को इस मामले में इंस्टा की पेरेंट कंपनी मेटा को तलब करने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, एमईआईटीवाय इस पूरे मामले में मेटा से जवाब मांगेगा और यह जानना चाहेगा कि इंस्टाग्राम पर ऐसे ऐड्स कैसे दिखाई दिए।

**केंद्र सरकार का मेटा पर एक्शन**




### बीबीसी ने भी की थी शिकायत

बीबीसी ने जब ऐसे ही एक विज्ञापन की शिकायत इंस्टाग्राम से की, तो करीब 24 घंटे बाद कंपनी ने जवाब दिया कि यह पोस्ट उसकी कम्यूनिटी गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं करती। इसके बाद बीबीसी ने मेटा से इस मामले पर जवाब मांगा। तब कंपनी ने कहा कि उसने कई विज्ञापनों को हटा दिया है, संबंधित अकाउंट्स को सस्पेंड किया है।

# सिया-चेतन के पॉलीग्राफी टेस्ट की तैयारी


पुणे। पुणे के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को शुक्रवार को वडगांव मावल कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस मामले में एक और बड़ा अपडेट ये है कि पुणे पुलिस सिया गोयल और चेतन चौधरी का पॉलीग्राफी (लाई डिटेक्टर) टेस्ट कराने की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। इसके लिए जरूरी अनुमति और कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

**14 दिन की न्यायिक हिरासत में**



### 'कोड वर्ड' में करते थे बात

केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि मुख्य आरोपी सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी आपस में बातचीत के लिए कोड वर्ड का इस्तेमाल करते थे, जिनका मतलब और उद्देश्य अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के अनुसार, डिजिटल जांच में सामने आया है कि सिया और चेतन बातचीत के दौरान कोड वर्ड्स का इस्तेमाल करते थे।



### रायपुर से गुजरकर पुरी जाने वाली ट्रेनों में रथयात्रा को लेकर बुकिंग अधिक

# पुरी जाने नियमित ट्रेनों में नो रूम-लंबी वेटिंग स्पेशल ट्रेनों में जाने-लौटने तक पर्याप्त सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रथयात्रा के पावन अवसर पर पुरी जाने वाले श्रद्धालुओं की बुकिंग ट्रेनों में तेजी से बढ़ने लगी है। यात्रियों को कन्फर्म सीट मिल सके, इसके लिए रेलवे ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रायपुर से पुरी जाने वाली लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण वेटिंग शुरू हो गई है और कुछ में तो नो रूम बुकिंग बंद की स्थिति बन चुकी है। अजमेर-पुरी एक्सप्रेस में जहां बुकिंग बंद हो गई है, वहीं गांधीधाम और एलटीटी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। हालांकि, राहत की बात यह है कि रायपुर मंडल से पुरी जाने वाली ट्रेनों में अभी सीटें आसानी से उपलब्ध हैं। श्रद्धालुओं की इस अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष टीओडी, ट्रेन ऑन डिमांड स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। स्पेशल ट्रेन रायपुर से 9, 16 व 29 जुलाई को गुजरेगी, जिसमें अभी सभी कोच सीट उपल्बध है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष ट्रेनों में उपलब्ध बर्थों का लाभ उठाकर नी नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम हो सके। रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग और बुकिंग के आधार पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की लगातार समीक्षा की जा रही है।

- मंडल की ट्रेन में पुरी जाने सीटें खाली, स्पेशल में भी ट्रेन ऑन डिमांड संचालित होगी



#### स्पेशल ट्रेनों के हर कोच में उपलब्ध हैं पर्याप्त सीटें

गोंदिया से पुरी के बीच चलाई जा रही रथयात्रा टीओडी स्पेशल ट्रेनों में यात्रा के लिए अभी भी सैकड़ों सीटें खाली हैं। यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जुलाई माह की विभिन्न तिथियों में सेकेंड एसी, थर्ड एसी और स्लीपर श्रेणी में पर्याप्त बर्थ रिक्त उपलब्ध हैं। गोंदिया से पुरी जाने वाली गाड़ी संख्या 08801 रथयात्रा स्पेशल ट्रेन में 9 जुलाई 2026 की यात्रा के लिए कुल 573 सीटें खाली हैं, जिनमें सेकेंड एसी में 24, थर्ड एसी में 114 और स्लीपर श्रेणी में 435 बर्थ रिक्त हैं। इसी तरह 16 जुलाई को रवाना होने वाली ट्रेन में यात्रियों के लिए कुल 570 सीटें उपलब्ध हैं, जिसमें सेकेंड एसी में 22, थर्ड एसी में 116 और स्लीपर में 432 सीटें खाली हैं। इसके अलावा 29 जुलाई की यात्रा के लिए इस ट्रेन में कुल 572 बर्थ रिक्त हैं, जिनमें सेकेंड एसी में 25, थर्ड एसी में 117 और स्लीपर कोच में 430 यात्रियों को तुरंत कन्फर्म टिकट मिल सकता है।

#### वापसी में भी तीनों ट्रेन में 500 से अधिक सीट खाली

पुरी से गोंदिया वापस लौटने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी गाड़ी संख्या 08802 पुरी-गोंदिया रथयात्रा स्पेशल ट्रेन में भरपूर सीटें उपलब्ध हैं। इस ट्रेन में 10 जुलाई 2026 को वापसी के लिए कुल 704 सीटें खाली हैं, जिनमें सेकेंड एसी में 25, थर्ड एसी में 150 और स्लीपर श्रेणी में 529 बर्थ रिक्त हैं। इसी प्रकार 17 जुलाई की यात्रा के लिए ट्रेन में कुल 655 बर्थ उपलब्ध हैं, जिसमें सेकेंड एसी में 25, थर्ड एसी में 129 और स्लीपर में 501 सीटें खाली हैं। वहीं माह के अंत में 30 जुलाई को सफर करने वाले यात्रियों के लिए सबसे अधिक 720 सीटें रिक्त हैं, जिनमें सेकेंड एसी में 31, थर्ड एसी में 152 और स्लीपर में 537 बर्थ अभी भी उपलब्ध हैं।

#### पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन का 4-4 फेरों के लिए हुआ विस्तार

ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन 17 जुलाई 2026 तक किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुये इन गाड़ियों के परिचालन में विस्तार 31 जुलाई तक 04-04 फेरों के लिए किया जा रहा है।परिचालन में विस्तार होने के बाद अब गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन, पटना से 20 से 29 जुलाई तक (04 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्ली से 22 से 29 जुलाई तक (02 फेरा) प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्ली से 24 से 31 जुलाई 2026 तक (02 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी।

# आमरण अनशन में 3 की बिगड़ी तबीयत, बरसते पानी में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पामगढ़-डोंगाकोहरौद

पामगढ़-बलौदाबाजार मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास चार किलोमीटर लंबी अधूरे सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को चरम पर पहुंच गया। पिछले चार दिनों से आमरण अनशन कर रहे ग्रामीणों में से तीन की तबीयत बिगड़ने और प्रशासन की ओर से ठोस निर्णय नहीं मिलने के बाद ग्रामीणों ने पामगढ़ के अंबेडकर चौक पर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। बरसते पानी के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर डटे रहे। दिनभर चक्काजाम के बाद देर शाम शीघ्र मरम्मत और भारी वाहनों के प्रवेश निषेध सहित चार बिंदुओं पर सहमति बनने पर चक्काजाम खत्म हुआ। अनशन खत्म कराने मशक्कत होती रही। गौरतलब है कि पामगढ़ बलौदाबाजार मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास सड़क के नाम पर केवल गड्ढे और मिट्टी, मिट्टी की ढेरी रह गई है। तकरीबन 15 साल से बदहाल इस मार्ग के जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है।



#### दिया है आश्वासन

ग्रामीणों को समझाइश देते हुए उनकी मांगे पूरी करने कहा गया है। मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ होगा। नई सड़क के लिए प्रशासकीय स्वीकृति और भारी वाहनों के लिए नो एंट्री समय निर्धारित करने पर सहमति बनी है। चक्काजाम खत्म हुआ है। अनशन भी समाप्त करने कहा गया है।

**ज्ञानेन्द्र ठाकुर,** अपर कलेक्टर

#### समझाइश व आश्वासन पर बनी बात

बाद में जिला मुख्यालय जांजगीर से अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एडीशनल एसपी उदयन बेहार के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तकरीबन 35 लाख की लागत से मरम्मत कार्य कराने की बात कही, लेकिन ग्रामीण सड़क को पूरी तरह से नई बनाने के लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। चक्काजाम खत्म कराने समझाइश का दौर दोपहर से देर शाम तक चला, लेकिन बात नहीं बनी। बाद में शीघ्र मरम्मत, नई सड़क के लिए प्रशासकीय स्वीकृति और भारी वाहनों के प्रवेश निषेध के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त हुआ। वहीं आमरण अनशन खत्म कराने अधिकारी देर रात तक मशक्कत करते रहे।


## Public Works Department
### Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

**E-Procurement Tender Notice**

E-mail : tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 611/TC/EinC/ PWD/2026-27 Dated 30.06.2026

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWE RRP-II in the district of Sukma for construction & maintenance of Road with estimated cost amounting Rs **217.79** Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 02.07.2026 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 23.07.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) **492-002** as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-262701871/2



## कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

दूरभाष नं.- 07744-224152 ई-मेल districtcommandantrjn@gmail.com

**// नीलामी सूचना //**

**क्रमांक/ 923/ भण्डार/2026 राजनांदगांव, दिनांक 02/07/2026**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि इस विभाग में क्लोदिंग एवं इक्विपमेंट की निष्प्रयोज्य एवं अन्य सामग्रीयों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 15-07-2026 दिन बुधवार को समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना, राजनांदगांव में किया जाना है। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रीयों में नगर सेना के जवानों की बूट एंकल, जंगल बूट, डर्बी शू, शर्ट खाकी काटन, फूलपेंट खाकी काटन, फूल पेंट खाकी काटन, फूल पेंट नीला, शर्ट टेरीकाट, कैप बैरेट उलन, मोजा, सुई धागा थैली, कंबल, दरी, पी.टी.शू जर्सी खाकी, ग्राउन्ड शीट, बरसाती मय टोपी, गमबुट, जर्सी खाकी, जर्सीनिली, अंगोला, हापपेंट, ग्राऊनसीट, कोट कांबेड, कैप बैच, कंधा बैच, व्हीसील, लेनयार्ड, बेल्ट लेदर काला, थाली, गिलास, केन, किट बाक्स लाईन बेडिंग, बुटब्रस, लाठी पाली कार्बन, चावल ट्रे, अनाज टंकी, रेग्यूलेटर, बाल्टी, गैती बेल्चा, कुल्हाडी, ग्रास कटर, कैची, फोल्डिंग पलंग, मेट्रेस गद्दा, कुर्सी प्लास्टिक, लाइफ बाय, लाइफ जैकेट, सर्च लाईट, लांग बुट फायर फाइटर, डिलीवरी होज पाईप, टायर एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है। सम्पूर्ण सामग्री एक साथ नीलाम किया जावेगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्रीको देख सकेंगे।

**नियम व शर्तें :-**

01 - प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व रूपये 1000/- (रू. एक हजार) मात्र नगद प्रतिभूति राशि कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी, उन्हें जमा की गई प्रतिभूति राशि वापस कर दी जावेगी।

02- खरीददार की उच्चतम बोली र्प्यवेक्षक अधिकारी द्वारा सवीकार किए जाने पर नीलामी की सम्पूर्ण राशि जमा कर उसी दिन सम्पूर्ण सामग्री को उठाना होगा।

03- बोली लॉट में सामग्री जहां है, जितनी है, के आधार पर की जावेगी।

04 - नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।

**जिला सेनानी**
**नगर सेना, राजनांदगॉव**

G-262701872/2


# हरिभूमि-आईएनएच के पत्रकार रविकांत को मिलेगा '40 अंडर 40 अवार्ड'

**मनेंद्रगढ़।** हरिभूमि और आईएनएच संवाददाता रविकांत सिंह राजपूत को समाचार 4 मीडिया द्वारा आयोजित देश के प्रतिष्ठित '40 अंडर 40' अवॉर्ड्स के चौथे संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। 28 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में देश की दिग्गज मीडिया हस्तियों के बीच उन्हें इस राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाएगा। 'समाचार4मीडिया 40 अंडर 40' मीडिया जगत का एक बेहद प्रतिष्ठित सम्मान है।



इसके तहत प्रिंट, टेलीविजन और डिजिटल मीडिया से जुड़े देश भर के 40 वर्ष से कम आयु के उन प्रतिभाशाली युवा पत्रकारों को चुना जाता है, जिन्होंने अपने साहसिक कार्यों, बेजोड़ नेतृत्व क्षमता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण के बल पर इंडस्ट्री में विशिष्ट पहचान बनाई है। इस वर्ष विजेताओं का चयन देश के शीर्ष संपादकों, मीडिया विशेषज्ञों और वरिष्ठ हस्तियों की एक उच्च स्तरीय जूरी द्वारा कड़े मानकों के आधार पर किया गया, जिसमें रविकांत ने बाजी मारी।

#### दिल्ली में दिग्गज पत्रकार पहुंचेंगे

रविकांत को यह सम्मान 28 जुलाई को शाम 5 बजे से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सेमिनार हॉल में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा। इस भव्य अवॉर्ड नाइट से पहले सुबह 10 बजे से एक विशेष कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जा रहा है। कांफ्रेंस में देश के जाने-माने और दिग्गज संपादक विभिन्न महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।

# नो एंट्री में ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर मौत, प्रधान आरक्षक व आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

सीएसईबी चौकी के सामने शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने नो एंट्री में गाड़ी घुसा दी और सीधे एक्टिवा सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सीएसईबी चौक में लापरवाही बरतने वाले यातायात में पदस्थ प्रधान आरक्षक व आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर दिया है।जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 2996 जो नो-एंट्री के दौरान बुधवारी से सीएसईबी चौक होते हुए शहर में प्रवेश कर रहा था के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0386 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खरमोरा निवासी व्यास नारायण राठौर पिता नत्थूराम राठौर के रुप में की गई। हादसे के होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

- सीएसईबी चौक के समीप सुबह 12 बजे हुई घटना



#### दो पर कार्रवाई

हादसे के समय सीएसईबी चौकी में प्रधान आरक्षक शंखधर जायसवाल, व आरक्षक टंकेश्वर पटेल की ड्यूटी थी। इस दौरान उनके द्वारा लापरवाही बरती गई। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नो एंट्री में ट्रक घुसने के कारण घोर लापरवाही मानते हुए पुलिस प्रधान आरक्षक शंखधर व आरक्षक टंकेश्वर पटेल को निलंबित कर दिया है।

# बिजली पोल के अर्थिंग तार में फैला करंट, बच्चे की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था को देखते हुए वर्षाकाल के दौरान जिस प्रकार की जीवलेवा दुर्घटना का अंदेशा काफी पहले से जताया जा रहा था वह अब बारिश शुरू होने के साथ ही हकीकत का रूप लेने लगी है।

जिसका खामियाजा जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम नागाटोला माठपुर निवासी एक आठ वर्षीय बच्चे को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। कहना गलत नहीं होगा कि विद्युत विभाग की घोरलापरवाही, अनदेखी और बारिश पूर्व सुरक्षा के माकूल इंतजाम नहीं किए जाने के कारण एक गरीब परिवार ने अपने घर के चिराग को खो दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम नागाटोला माठपुर निवासी 8 वर्षीय श्रवण बैगा अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह बिजली पोल के अर्थिंग तार के संपर्क में आ गया। तार में करंट होने के कारण उसे जोरदार झटका लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी दूसरे बच्चों ने श्रवण के परिजनो को दी और देखते ही देखते घटना स्थल में पूरा गांव एकत्र हो गया। बाद में घटना से पुलिस को अवगत कराया गया।



घटना की सूचना मिलते ही कुकदुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि आखिर अर्थिंग तार में करंट कैसे प्रवाहित हुआ है।


epaper : www.haribhoomi.com

## हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.** (आरो-460)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन एंव सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं। वेतन 8000 से 15000 तक **मोबाइल नं. 9131315998. संपर्क करें:-राजेश कलेक्शन मालवीय रोड जवाहर बाजार के सामने** (RO-271)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान जानकार को प्राथमिकता। **संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590** (आरो नं.-311)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- बस ड्राईवरों की आवश्यकता है **अपोलो कॉलेज अंजोरा दुर्ग -8770899610.** (आरो न - 1309)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**टीचर**

आवश्यकता है- प्रकाश पब्लिक इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्राइमरी सेक्शन में D.El.Ed टीचर आवश्यकता है **संपर्क - सेक्टर -11,जोन -1 खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.** (आरो न - 309)

**कारपेन्टर**

आवश्यकता है- शांति किराया भण्डार में रिपेरिंग काम के लिए बढ़ाई कारपेन्टर की आवश्यकता है **संपर्क करें:- 9827140068.** (RO-879)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर-7354988225 एड्रेस.... होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर** (RO-880)

**अकाउंटेंट/डिजाइनर**

आवश्यकता है- वेडिंग प्लानर कंपनी को अकाउंटेंट (अनुभवी या फ्रेशर दोनों), ग्राफिक डिजाइनर/पीपीटी एक्सपर्ट, टेलीकॉलर, साइट मैनेजर और सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है। **कॉल करें: 8480670000, 7828073173.** (RO-0134)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान मै लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः ***आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038.** (RO-169)

आवश्यकता है- बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों ( कम से कम बारहवीं) की, वेतन 10 से 12,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता। **अमृत सेल्स , स्टेशन रोड , रायपुर । मोबाइल 9827174205.** (RO-169)

आवश्यकता है- कार एसेसरीज की दुकान मे काम करने के लिए जरुरतमंद लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे , **भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, रायपुर मोब. 8818933330, 8871997200.** (RO-042)

आवश्यकता है- बिजली दुकान में काम करने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **सम्पर्क:- सोनी इलेक्ट्रिकल्स, सेक्टर- 6 A मार्केट, भिलाई 7999028445, 9425553543.** (आरो न - 310)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। **चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800.** (RO-095)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 12000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना **8770508791, 8982834337.** (RO-529)

**अन्य**

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु ( 10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 42) सैलरी- 26500/- से 45500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / **कॉल करे - 8400406891.** (RO-102)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - लोन SAI KRIPA FINANCIAL SERVICE पर्सनल लोन ,मॉर्गेज लोन, बिजनेस लोन , लोन ट्रांसफर (B.T) , होम लोन, के.सी.सी लोन, पट्टे पर लोन, कार एवं हेवी व्हीकल लोन, बिना बैंक के चक्कर लगायें लोन प्राप्त करें **पताः- शॉपनं.231 आकाशगंगा, ढिल्लन कॉम्पलेक्स सुपेला भिलाई मो.- नुरज सिंह राजपुत - 7587287565, 9165058207, 83139119645.** (आरो न - 307)




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक





# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

## लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

## लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# एफ आई आर



मौत का तोहफा

1 अप्रैल 2023 को चमारी गांव में शहनाइयां गूंज रही थीं। घर मेहमानों से भरा था, नई-नवेली दुल्हन का गृह प्रवेश हो चुका था और शादी में मिले उपहारों को बड़े सहेजकर घर के एक कमरे में रखा गया था। किसी ने भी नहीं सोचा था कि इन्हीं उपहारों में रखा एक होम थिएटर कुछ ही घंटों बाद पूरे परिवार की जिंदगी बदल देगा।

## शादी की खुशियां 48 घंटे भी नहीं टिक पाई, होम थिएटर ऑन करते ही उजड़ गया था पूरा परिवार

● कवर्धा से महेश मिश्रा

दो दिन बाद, 3 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे। दूल्हा हमेंद्र मेरावी (24) ने शादी में उपहार स्वरूप मिले होम थिएटर को पहली बार चलाने के लिए स्विच ऑन किया। अगले ही पल ऐसा धमाका हुआ कि पूरा गांव दहल उठा। यह कोई सामान्य विस्फोट नहीं था। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कमरे की दीवार भरभराकर गिर गई। खपरैल की छत के टुकड़े 30 से 40 फीट दूर तक जा गिरे। लोहे की अलमारी चिथड़ों में बदल गई। पलंग, कूलर, बर्तन और शादी में मिले दूसरे उपहार मलबे में तब्दील हो गए। घर में कुछ देर पहले तक पसरा उत्सव का माहौल देखते ही देखते चीख-पुकार में बदल गया। धमाके में दूल्हा हमेंद्र मेरावी की मौके पर ही मौत हो गई। उसका बड़ा भाई राजकुमार मेरावी (30) भी गंभीर रूप से घायल हुआ और उसने भी दम तोड़ दिया। वहीं पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें तीन वर्षीय सौरभ सहित सूरज मेरावी, शिव मेरावी, दीपक सिंह और शेर सिंह शामिल थे, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।





## एमपी पुलिस की मदद से हुआ आरोपी गिरफ्तार

### धमाका ऐसा कि गांव दहल उठा

विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीणों को पहले लगा कि घर में गैस सिलेंडर फट गया है। लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचे तो दृश्य कुछ और ही था। पूरा कमरा मलबे में तब्दील था और हवा में बारूद जैसी तेज गंध फैली हुई थी। यह देखकर ग्रामीण भी हैरान रह गए। मृतक हमेंद्र कबड्डी का अच्छा खिलाड़ी था। उसकी शादी 1 अप्रैल को अंजना गांव की ललिता से हुई थी। टिकावन के दौरान मिले उपहारों में यह होम थिएटर भी शामिल था। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि खुशियों का यह तोहफा मौत का कारण बन जाएगा।

### होम थिएटर के अवशेष जब्त

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंच गई। विस्फोट स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया और होम थिएटर के अवशेष जब्त किए गए। जांच के दौरान दुल्हन पक्ष से शादी में दिए गए उपहारों की जानकारी भी जुटाई गई। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने संभाला। तत्कालीन थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे के अनुसार इस वारदात में पुलिस ने हर पहलू से जांच की और फॉरेंसिक रिपोर्ट बनाए गए।



### शादीशुदा है आरोपी

पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी सरजू मरकाम पहले से शादीशुदा है, उसके दो बच्चे भी हैं। आरोपी सरजू गाड़ियों का मेकेनिक है और इलेक्ट्रॉनिक्स का भी अच्छा जानकर है। ग्राम बैहर में एक ऑटो रिपेयरिंग दुकान पर काम करता है, जहां एमपी पुलिस की मदद से उसकी गिरफ्तारी हुई।

### डेढ़ किलो बारूद व अमोनिया नाइट्रेट से बनाया था विस्फोटक

आरोपी सरजू ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। 31 मार्च को उसने तय किया। ग्राम मंडई जिला बालाघाट (मप्र) के अमर इलेक्ट्रानिक दुकान से 1 हजार रुपए में होम थिएटर खरीदा। पेमेंट उसने ऑनलाइन किया था। उसी दिन घर में बैठकर इसे विस्फोटक की शक्ल दी। पटाखे से करीब डेढ़ किलो बारूद और 250 ग्राम अमोनिया नाइट्रेट के इस्तेमाल कर विस्फोटक बनाया। इसे होम थिएटर में इस तरह से प्लांट किया कि जैसे ही यह बिजली के संपर्क में आएगा, तो तुरंत ब्लास्ट हो जाएगा। फिर 1 अप्रैल को शादी मंडप के नीचे जहां दूल्हा- दुल्हन बैठे थे, वहीं पास में छोड़कर वापस चला गया था।

### प्रेमिका और उसके पति को मारने सिरफिरे आशिक ने किया था बम प्लांट



आरोपी

ब्लास्ट मामले में लव एंगल सामने आया। जांच में यह तथ्य निकला कि आरोपी सरजू पिता बलदेव मरकाम (33) ग्राम छपला जिला बालाघाट (मप्र) का रहने वाला है। वह अपनी प्रेमिका की शादी से नाराज था। इसलिए सिरफिरे ने प्रेमिका ललिता और उसके पति हमेंद्र मेरावी को मारने के लिए बम प्लांट किया था। सरजू ने शादी के पहले प्रेमिका को कॉल कर कहा था कि तू इस शादी से कभी खुश नहीं रहेगी। वहीं मृतक हमेंद्र को भी इस शादी से मना करते हुए कुछ ऐसा करने की धमकी दिया था, जो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह व तत्कालीन एएसपी मनीषा ठाकुर ने पूरे मामले का खुलाया किया। मामले में आरोपी सरजू मरकाम के खिलाफ धारा 302, 307, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 03, 05 के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### इंदौर के क्रशर प्लांट में काम कर चुका वहीं से सीखा विस्फोटक बनाना

आरोपी सरजू कक्षा 10वीं तक ही पढ़ा है। वर्ष 2015- 16 में वह इंदौर (मप्र) में किसी क्रशर प्लांट में काम करने गया था। इस दौरान वह एक्सपर्ट (विशेषज्ञ) की संगत में रहकर बारूद लगाने का काम करता था, वहीं से उसने अमोनिया नाइट्रेट से विस्फोटक बनाने सीखा। करीब 5 साल तक वहां काम किया। इस दौरान कुछ मात्रा में विस्फोटक सामग्री लाकर अपने घर में रखा था। उसी के इस्तेमाल से प्रेमिका व उसके पति को मारने बम प्लांट किया।

लिव इन पार्टनर की हत्या के बाद हैवानियत, शव को रस्सी से बांध नाले में फेंका, मर्डर की वजह चौंकाने वाली घटना भिलाई की है। जहां लिव-इन पार्टनर ने नशे में हुए विवाद के बाद प्रेमिका आरती की हत्या कर शव को बोरे में भरकर नाले में फेंका। पुलिस ने घटना के पांच दिनों बाद महिला के शव का शिनाख्त कर पाई। उसके बाद पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई। यह जघन्य हत्याकांड 13 दिसंबर 2025 की सुबह की है। जहां सुपेला स्थित चंद्रा मौर्या टाकिज अंडरब्रिज के पास कार सर्विसिंग सेंटर के सामने नाले में जूट की बोरी और प्लास्टिक में लिपटा महिला का शव मिला था।



● भिलाई से जेएम तांडी

## शराब पार्टी के बाद हत्या, लिव-इन पार्टनर को जूट और प्लास्टिक बोरी में ठूंसा


आसपास के लोगों ने बंद बोरे को देख सुपेला पुलिस को सूचना दी। बोरे को जब पुलिस ने खोलकर देखा तो सब चौक गए। बंद बोरी के भीतर हाथ पैर मोडकर एक महिला की शव को रखा गया था। महिला की शव की खबर लगते ही सनसनी फैल गई। मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट, एसीसीयू की टीम जांच के लिए पहुंची। महिला के शिनाख्त के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने टीम बनाई, जो महिला के बारे में जानकारी जुटाने में लगी रही। मशक्कत के बाद किसी तरह सीसी टीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, सोशल मीडिया और अखबारों की मदद से पुलिस जांच आगे बढ़ी। करीब 5 दिनों बाद 17 दिसंबर को सुपेला कृष्णा नगर निवासी योगेश निर्मलकर ने शव की तस्वीर, गोदना और चूड़ियों से शिनाख्त की। मृतका की पहचान आरती उर्फ भारती निर्मलकर के रूप में हुई। इस पूरे मामले में सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का बड़ा योगदान रहा है।

हत्याकांड का खुलासा करते एएसपी सुखनंदन राठौर व तत्कालीन क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो ने बताया कि आरती निर्मलकर उर्फ भारती (34) 4-5 महीने से प्रेमी तुलाराम बंजारे (33) के साथ कोसानगर में लिव-इन-रिलेशनशिप में रहती थी। 5 दिसंबर 2025 की शाम आरती और तुला दोनों ने शराब पार्टी की। इसके बाद खाना भी खाया। दोनों जमकर नशे में थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी तुला ने गुस्से में आकर आरती को थप्पड़ जड़ दिया। गला दबाया और उसके सिर को दीवार में जोर से टकरा दिया। आरती जमीन पर गिर पड़ी, फिर दोबारा उठी ही नहीं। घटना के बाद तुलाराम डर गया आरती के शव को एक प्लास्टिक की बोरी में भर दिया।

### गोदना व चूड़ियों से परिजनों ने किया शिनाख्त







### लाश को ठिकाने लगाने शहर में घूमते रहे

सुपेला पुलिस ने बताया कि आरती निर्मलकर की हत्या करने के बाद तुलाराम ने घटना की खबर अपने भाई गोवर्धन प्रसाद बंजारे (28) और दोस्त ऑटो चालक शक्ति भौयर (42) को दी। दोनों ने लाश को ठिकाने लगाने में आरोपी की मदद की। आरती की लाश को पैक कर शक्ति की ऑटो में डाला और उसे ठिकाने लगाने के लिए शहर में घूमते रहे। इसके बाद तीनों मौका मिलते चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज के पास पहुंचे। यहां लोगों की आवाजाही होने की वजह से कई घंटों तक वे ऑटो में ही बैठे रहे। लोगों के जाने का इंतजार करते रहे। जब पूरा सन्नाटा हो गया तो तड़के 3 बजे लाश को नाली में रखकर भाग गए। मृतका को गुटखा खाने की बुरी लत थी, जब भी नशा करती थी विवाद अक्सर हुआ करता था। इससे तुलाराम परेशान था।



### आरती के शव को घुटनों से मोड़ा

पुलिस ने बताया कि तुलाराम व आरती 5 दिसंबर को साथ बैठकर शराब पी। उसके बाद हत्या कर ठिकाने लगाने शव को छिपाने के लिए आरोपी ने अमानवीय तरीका अपनाया। उसने आरती की नाइटी उतारकर शव को घुटनों से मोड़ा, प्लास्टिक की रस्सी से बांधा, जूट और प्लास्टिक की बोरी में ठूंसा, नाइटी को घर के चूल्हे में जला दिया। पुलिस संदेह से बचने के लिए तुलाराम ने मोहल्ले में अफवाह फैलाई कि आरती अपने पिता के इलाज के लिए नागपुर चली गई है। घर में अपनी मां को भी बुला लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी तुलाराम, गोवर्धन और शक्ति को पुलिस ने कड़ियां मिलाने के बाद गिरफ्तार किया था। पहले पति का नाम सुरेश और दूसरे का नाम लखन है। दोनों ही पति का पत्नी ने अपने हाथ में टैटू गुदवाया है। अभी पिछले 4-5 महीने आरती अपने प्रेमी तुलाराम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

चारों ओर फाल्गुनी बयार बह रही थी। टेसू के पेड़ पर फूल अपनी खूबसूरती बिखेर रहे थे। होली के दिन में नगाड़े की थाप पर लोग मस्ती में थिरक रहे थे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक दूसरे को रंगों से भिगोने के साथ गुलाल लगाकर सुखद भविष्य की कामना कर रहे थे, महिलाएं भी रंगोत्सव में डूबी थी। चारों ओर खुशियों के बीच किसी भी इस बात का रत्ती भर भी भान नहीं था कि गुलाल लगाने को लेकर उपजा विवाद किसी जघन्य गुनाह की वजह बन जाएगी।a



● राजनांदगांव से धन्य कुमार जैन

लाल गुलाल और लहू लुहान धरती

## गुलाल लगाने का विवाद ने ली थी दो की जान

डोंगरगांव थाना अंतर्गत आने वाले करियाटोला वार्ड में 10 मार्च 2020 को होली की धूम थी। एक दिन पहले होलिका दहन करने के बाद दूसरे दिन सभी रंगोत्सव मना रहे थे। बच्चे तो सुबह से पिचकारी में पानी और रंग भरकर अपने हमजोली को भिगो रहे थे। युवा और बुजुर्ग गुलाल लगा रहे थे। पूरे गांव में रंगोत्सव की खुशियां बिखरी थी। वहीं गुलाल लगाने को लेकर ऐसा आक्रोश भी पनप रहा था, जिसका वीभत्स रूप दो की जघन्य हत्या के रूप में सामने आया।

डोंगरगांव नगर पंचायत के करियाटोला वार्ड में 10 मार्च 2020 की रात करीब 8 बजे रंग-गुलाल लगाने को लेकर पवन वैष्णव और गांव के ही गणेशराम और कृपाराम के बीच विवाद हो गया। इसके पहले कमलेश के साथ मारपीट, लड़ाई-झगड़ा हुआ था। गांव के गौरा चौक में गुलाल लगाने के बाद उपजा विवाद इतना गहराया कि पवन वैष्णव आ गोवर्धन वैष्णव, शरद वैष्णव आ स्व भुनेश्वर वैष्ण और शुभम वैष्णव आ स्व भुनेश्वर वैष्णव ने धारदार हथियार से कृपाराम और गणेशराम पर हमला कर दिया। धारदार हथियार से किए गए हमले से कृपाराम की पीठ और बदन में चोंटे आई। विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए गणेशराम, कोमल और दीनाबाई पर भी आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से पेट व शरीर पर वार किया। घटना के बाद घायल कृपाराम और गणेश राम को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### जुर्म का पुराना रिकॉर्ड

शरद वैष्णव का अपराध से पुराना नाता रहा है। पुलिस घटना के पहले भादवि की धारा 110 के तहत कार्रवाई कर चुकी थी। होली के दिन घटित घटना के बाद पुलिस ने उदयराम गौड की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 307, 34 भादंवि एससी एसटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया। कृपाराम और गणेश राम की मौत होने के बाद धारा 302 जोड़ा गया।

### बदरंग हो गई होली

मामूली विवाद के बाद उपजे आक्रोश ने उदयराम गौड के परिवार को रंगों के पर्व के दिन ऐसा जख्म दिया है कि उसकी भरपाई ताउम्र नहीं होने वाली है।जब जब रंगों का पर्व आएगा तब तब परिवार 2020 की घटना को याद कर दर्द में डूब जाएगा।



# डीएसी बैठक में कई फैसलों पर लगी मुहर

# एंटी-ड्रोन सिस्टम सहित मिसाइलों तक से लैस होंगी तीनों सेनाएं: 52 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने करीब 52,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देकर सेना, नौसेना और वायुसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इन प्रस्तावों में एंटी-ड्रोन सिस्टम, मिसाइलें, कामिकेज ड्रोन, नौसैनिक निगरानी प्रणाली और हाई-एल्टीट्यूड निगरानी प्लेटफॉर्म जैसे आधुनिक रक्षा उपकरण शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता शुक्रवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में विभिन्न अधिग्रहण प्रस्तावों को 'आवश्यकता की स्वीकृति' प्रदान की। यह सैद्धांतिक प्रशासनिक मंजूरी है, जिसके बाद खरीद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इससे भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कई अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों और रक्षा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी।

## भारतीय सेना के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीदी

भारतीय सेना के लिए एंटी-अनमैन्ड एरियल व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम 'आकाश तरंग', मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल, मीडियम रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल, वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम, टैंकों के लिए एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम तथा जेट-आधारित कामिकेज ड्रोन सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है।

## ड्रोन हमले से बचाएगी आकाश तरंग

'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम टुकड़ियों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करेगी। वहीं, मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दुश्मन के बख्तरबंद और मशीनीकृत वाहनों का मुकाबला करने में पैदल सेना की क्षमता को और मजबूत बनाएगी। मीडियम रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल प्रणाली विभिन्न प्रकार के लंबी दूरी से आने वाले हवाई खतरों के खिलाफ मध्यम दूरी की प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध कराएगी।



## बेहतर होगी टैंकों की सुरक्षा

मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस प्रणाली भारतीय सेना की त्वरित जवाबी कार्रवाई की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाएगी। एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम टैंकों की सुरक्षा को मजबूत व सुरक्षित रखने की क्षमता में इजाफा करेगा। वहीं, जेट-आधारित कामिकेज ड्रोन बेहतर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता, अधिक मारक क्षमता, बेहतर सुरक्षा और लागत प्रभावशीलता के साथ सेना की ताकत बढ़ाएंगे।

## नौसेना के लिए बेहतरीन उपकरण होंगे उपलब्ध

भारतीय नौसेना के लिए मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन, नेवल शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद तथा इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए लैंड-बेस्ड टेस्टिंग फैसिलिटी की स्थापना को मंजूरी दी गई है। एमआईजीएम दुश्मन के नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों की आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगा। वहीं, एनबीटीएम भारतीय नौसेना के जहाजों रखरखाव के लिए महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराएगा।

## वायुसेना के लिए इन उपकरणों की खरीद

इस बैठक में भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट समेत अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। एफडब्ल्यू एचएपीएस लंबी अवधि तक लगातार इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस, दूरसंचार और रिमोट सेंसिंग जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे वायुसेना की निगरानी और रणनीतिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## जैकेट के शेष

### मारे गए दो टाइगर...

के कंकाल का पूर्व में जब्त दो बाघ की खाल में से मिलान हो गया है, लेकिन दूसरे कंकाल का एक अन्य खाल से मिलान नहीं हो रहा है यानी तय है कि इंद्रावती में दो नहीं, ज्यादा बाघों का शिकार हुआ है। हरिभूमि ने दो जुलाई के अंक में चार बाघों का शिकार होने की खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। एक खाल का कंकाल से मिलान नहीं होने से साफ तौर पर पुष्टि हो रही है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व तथा उसके आसपास के वनक्षेत्र में शिकारियों ने चार बाघों का शिकार किया था। बाघों के शिकार तथा तस्करी के प्रकरण में किन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनके नामों का वन अफसरों ने अब तक किसी प्रकार से कोई खुलासा नहीं किया है। अफसर पूछताछ करने के बाद तस्कर तथा शिकारियों के नामों का खुलासा करेंगे। शिकार तथा तस्करी के मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया जाना बाकी है।

**इन बिंदुओं पर चेतावनी जारी की थी :** - जिन क्षेत्रों में बाघ तथा तेंदुआ का मूवमेंट है, उन संवेदनशील कोर, बफर और बाहरी इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ाने तथा सतर्कता के निर्देश दिए थे। संदेह व्यक्त किया गया था कि मध्य, तराई और दक्षिणी इलाकों में अवैध शिकार और उत्तर-पूर्वी सीमाओं से बाहर तस्करी होने के डब्लूसीबी को इनपुट मिले थे।

- वनक्षेत्र से सटे गांव में मुखबिर नेटवर्क को सक्रिय करके सामुदायिक खुफिया जानकारी को मजबूत कर संवेदनशील इलाकों गश्त तेज करने निर्देश दिए थे। - ई-प्लेटफार्म में बिग कैट प्रजाति के वन्यजीवों के अंगों और उनसे बनी चीजों के अवैध विज्ञापन के लिए ऑनलाइन निगरानी करने कहा गया था।

### शिकार करने के बाद...

के अंगों तथा खाल का सौदा कर बेच देते हैं। इसके बाद महाराष्ट्र के तस्कर उन वन्यजीवों के अंगों तथा खालों की बिक्री करने चोरी छिपे भानुप्रतापपुर लाते हैं और देश के अन्य राज्यों के तस्करों से संपर्क कर उनकी बिक्री करते हैं।

### 33 लोगों से 3 घंटे ...

ली। एसआईटी ने दान में मिले आभूषणों को गलाने की पूरी प्रक्रिया को भी विस्तार से समझा। जांच टीम ने इस प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई ताकि रिकॉर्ड और वास्तविक प्रक्रिया का मिलान किया जा सके। मामले में कुछ सुरक्षा कर्मियों से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा बैंक कर्मियों से भी जानकारी लेकर भुगतान और वित्तीय प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों को समझने का प्रयास किया गया।

**इसलिए होगा दोबारा ऑडिट :** एसआईटी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पिछले पांच वर्षों के खातों का फिर से ऑडिट करेगा क्योंकि प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का संकेत मिला है। सूत्रों ने बताया कि पुनः ऑडिट में निर्माण-संबंधी व्यय के साथ-साथ दान के रूप में प्राप्त आभूषण और सोने तथा चांदी की अन्य वस्तुओं को भी शामिल किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आए कथित गबन के सबूतों के बाद एसआईटी पूरे पांच साल के ट्रस्ट के वित्तीय रिकॉर्ड की विस्तृत जांच करेगी।

### पीएम मोदी से आधी रात...

बात की और पूछा कि क्या होगा। कटियार ने अनिल मिश्रा और विनोद राव को भी पूरी तरह दोषी बताया और चंपत राय के साथ ही इन दोनों के भी जेल जाने की आशंका जताई। चंपत राय, अनिल मिश्रा और विनोद राव का नाम लेते हुए उन्होंने कहा, कहा कि अभी किसी कारण से यह लोग बच गए हैं। आगे इन्हें भी जेल जाना पड़ सकता है।

**यह साफ हो चुका है कि गबन हुआ:** कटियार ने कहा कि राम मंदिर के लिए हम लोगों ने बलिदान दिया है। कितने लोगों ने जान दे दी है। यह साफ हो चुका है कि वहां पैसे का गबन हुआ है और जबरदस्त हुआ है। अभी तक हुई जांच में चोरी का खुलासा हो चुका है। चोरी के कारण श्रद्धालुओं की आस्था चोटिल हुई है। कटियार को राम मंदिर आंदोलन का सबसे बड़ा हीरो कहा जाता है।

### होसबाले बोले- 'दोषियों को...

जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें कठोर दंड हो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित संपूर्ण हिंदू समाज की न्यास से स्वाभाविक ही अपेक्षा है कि इस घोर निंदनीय घटना को असाधारण मान कर गंभीरता से व्यवस्था और संचालन की सभी कमियों को दूर करने हेतु परिणामकारक कदम उठाए ताकि अयोध्या मंदिर पर करोड़ों रामभक्तों की आस्था-श्रद्धा अखंड और अटूट बनी रहे।'

### सर्पदंश से सगे भाइयों की...

रोने से तथा कुछ काट लेने पर खाट से दूर हो गया था। परिजन दोनों मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे ने कुछ घंटे बाद आईसीयू में दम तोड़ दिया। एक साथ दो मासूम की मौत हो जाने से गांव में मातम पसर गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पीपर सोत निवासी बृहस्पत नगेसिया का 4 वर्षीय पुत्र विकास बीती रात अपने बड़े भाई विवेक (11 वर्ष) व छोटे भाई विक्रांत (3 वर्ष) के साथ एक ही खाट पर सो रहे थे। रात लगभग 11.45 बजे सबसे छोटे विक्रांत ने कान में कुछ काट लेने की बात बताया तो विकास ने भी शरीर में कुछ काटने के बाद कहते हुए दोनों रोने लगे। इसी बीच दोनों भाई के रोने पर विवेक तत्काल खाट से उतर दूर खड़ा हो गया और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बिस्तर हटाया तो उनके होश उड़ गए। खाट में जहरीला सांप करैत को देखा और किसी तरह सांप को बर्तन ढक दिया। परिजन दोनों को तत्काल बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों मासूम की तबीयत बिगड़ते देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत विकास को मृत घोषित कर दिया वहीं विक्रांत की हालत नाजुक होने पर आईसीयू में भर्ती कर दिया। कुछ घंटे तक आईसीयू में उपचार चलने के बाद विक्रांत ने भी दम तोड़ दिया।

# क्लाइंट की अनुमति के बिना समझौता नहीं कर सकता वकील, पक्षकारों के हस्ताक्षर होना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मुवक्किल की स्पष्ट अनुमति के बिना कोई भी अधिवक्ता उसकी ओर से समझौता नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 23 नियम 3 के तहत समझौता डिक्री तभी वैध होगी, जब समझौता लिखित हो और उस पर संबंधित पक्षकारों के हस्ताक्षर हों। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस



नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी पैतृक संपत्ति के बंटवारे से जुड़े एक मामले में की। मामला 1989 में दायर विभाजन वाद से संबंधित था, जिसमें 1994 में कथित समझौते के आधार पर डिक्री पारित कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपील खारिज करते हुए कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो कि संबंधित प्रतिवादी ने अपने अधिवक्ता को समझौते के लिए स्पष्ट रूप से अधिकृत किया था। अदालत ने कहा कि वकील अपने मुवक्किल के निर्देशों के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य हैं और मूल्यवान नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले मामलों में अपनी ओर से निर्णय नहीं ले सकते।

## 28 वर्ष बाद उत्तराधिकारियों ने किया दावा

करीब 28 वर्ष बाद, एक प्रतिवादी के कानूनी उत्तराधिकारियों ने दावा किया कि उनके पूर्वज ने न तो समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और न ही अपने वकील को उनकी ओर से समझौता करने की अनुमति दी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वकालतनामा और लिखित बयान जाली थे। ट्रायल कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए समझौता डिक्री रद्द कर दी, जिसे पटना हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा।

तेलंगाना एसीबी की बड़ी कार्रवाई, 16 ठिकानों पर छापे

# तेलंगाना के डीएसपी के पास मिली 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज के डीएसपी संकीरेड्डी भीम रेड्डी के घर पर छापा मारा। जांच में अधिकारी की 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इसके साथ ही उन पर नौकरी के दौरान आय से अधिक संपत्ति जुटाने का आरोप है। एसीबी के मुताबिक, गुरुवार को डीएसपी संकीरेड्डी भीम रेड्डी के घर समेत कुल 16 ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली गई। इनमें उनके रिश्तेदारों, दोस्तों, कथित बेनामीदारों और सहयोगियों से जुड़े ठिकाने भी शामिल थे।


**राँची मंडल के तहत ट्रेनों के एसएलआर के लिए ई-नीलामी**

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 दिनांक: 02.07.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैं। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पहले की प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है: **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसी-पार्सल13; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 33 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट पट्टे पर प्रदान करने के लिए 41 अदद सम्पत्तियों की ई-नीलामी। **नीलामी शुरू :** 15.07.2026 को 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 15.07.2026 को 17.10 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा
(PR-413)


## पेज एक के शेष

### साय कैबिनेट का...

कहा कि बदलते समय की चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप शासन को भी निरंतर सीखना, स्वयं का मूल्यांकन करना और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करना चाहिए। इसी सोच के अनुरूप आयोजित यह चिंतन शिविर मंत्रिमंडल और विभिन्न क्षेत्रों के राष्ट्रीय विशेषज्ञों के बीच संवाद, अनुभव-साझाकरण तथा नीति-निर्माण का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।मुख्यमंत्री ने कहा है कि सुशासन केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समय की मांग के अनुरूप स्वयं को निरंतर बेहतर बनाते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना भी है। चिंतन शिविर इसी सतत सुधार की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करना है जो पारदर्शी, उत्तरदायी, संवेदनशील और परिणाम आधारित हो तथा जिसका प्रत्यक्ष लाभ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

**सुशासन की नई कार्यसंस्कृति को मिलेगा बल :** चिंतन शिविर का प्रमुख उद्देश्य शासन व्यवस्था में नवाचार को बढ़ावा देना, विभागों के बीच अभिसरण एवं समन्वय को मजबूत करना, निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना तथा परिणामोन्मुखी प्रशासनिक संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। साथ ही शासन में प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग, नवाचार आधारित समाधान और नागरिक-केंद्रित सेवाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा होगी।

### राष्ट्रीय स्तर के ...

भविष्य की शासन व्यवस्था में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। डॉ. रमेश चंद्र कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भविष्य की कृषि रणनीतियों पर विशेष व्याख्यान देंगे। द्वितीय दिवस की शुरुआत योग सत्र से होगी। इसके पश्चात सुमन बिल्ला पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र की संभावनाओं, शशांक मणि त्रिपाठी सार्वजनिक नीति एवं विकास, ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग उत्कृष्टता, नेतृत्व और प्रदर्शन की संस्कृति तथा डॉ. विनय सहस्रबुद्धे सुशासन, नेतृत्व और जनकेंद्रित प्रशासन पर अपने विचार साझा करेंगे।

### इन विषयों पर ...

समन्वय और जनहितकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए भावी रणनीति तैयार की जाएगी।

### भाषा संबंधित विषयों ...

तीसरी भाषा के 100 अंकों के मूल्यांकन में 40 अंक सुनने और बोलने के कौशल, 15 अंक रचनात्मक लेखन, 30 अंक भाषा अधिगम संसाधनों पर आधारित पढ़ने-लिखने के मूल्यांकन तथा 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उस अवधारणा के अनुरूप माना जा रहा है, जिसमें भाषा सीखने को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक कौशल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है।

### वेबसाइट पर उपलब्ध...

जाएंगे, ताकि विद्यार्थी भाषा को अपने परिवेश से जोड़कर सीख सकें। सीबीएसई के मुताबिक, भाषा के लर्निंग रिसोर्स एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और सभी संबद्ध स्कूलों से इन्हें कक्षा शिक्षण में शामिल करने को कहा गया है।

### कक्षा गतिविधियां ...

व्यक्तिगत अनुभव साझा करना, घोषणाएं सुनकर उत्तर देना और वाद-विवाद जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। शिक्षकों को छात्रों की रुचि के अनुसार गतिविधियां चुनने की भी छूट दी गई है। यानी तीसरी भाषा की पढ़ाई अब केवल किताब और उत्तर पुस्तिका तक सीमित नहीं रहेगी।

### कई राज्यों में ...

में पानी घुसा। आईएमडी ने गुजरात, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में भी बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक की चेतावनी दी गई है। आईएमडी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में अलग-अलग तीव्रता की बारिश हो सकती है। कई इलाकों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

**मुंबई में 126 मिमी बारिश दर्ज :** मध्य प्रदेश में मानसून 9 दिन में ही पूरे प्रदेश में छा गया। धार, बड़वानी, खरगोन और देवास में अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक बारिश का अनुमान है। उज्जैन में क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से राम घाट के पास मंदिर डूब गए। 24 घंटों में मुंबई शहर में 126 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 110 और 114 मिलीमीटर बारिश हुई। मुंबई मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**कई राज्यों 85 किमी की रफ्तार से आंधी :** उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र बने के चलते अगले पांच से छह दिनों तक देश के मध्य हिस्सों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। आईएमडी ने यूपी, बिहार, दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, बंगाल, राजस्थान और केरल में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 80 से लेकर 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है।

### कवर्धा के पहाड़ी...

जोखिम में डालकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बता दें कि बीते 24 घंटों में इस इलाके में दो सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। हालांकि बारिश के आंकड़े ज्यादा नहीं हैं, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में इसी तरह की बारिश में नाले उफान जाते हैं। हर मानसून में यहां ऐसे हालात बनते हैं, लेकिन अब तक स्थायी पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है।

### खेत में झटका तार ...

पुलिस के अनुसार बीरनपुर कला निवासी गोकरण पटेल (55 वर्ष) सुबह अपने पुत्र परमेश पटेल (22 वर्ष) के साथ खेत में बुआई करने पहुंचे थे। खेत की मेड़ पर जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए विद्युत झटका तार लगाया गया था। लगातार बारिश के कारण खेत में पानी भर जाने से करंट का खतरा और अधिक बढ़ गया था। बताया जाता है कि कार्य के दौरान परमेश का संपर्क झटका तार से हो गया और वह करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। बेटे को बचाने के प्रयास में पिता गोकरण पटेल ने जैसे ही उसे पकड़ने की कोशिश की, वे भी करंट की चपेट में आ गए। कुछ ही क्षणों में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक दोनों के घर नहीं लौटने पर गोकरण पटेल की पत्नी भोजन लेकर खेत पहुंचीं। वहां पति और बेटे को जमीन पर अचेत पड़ा देखकर उन्होंने शोर मचाया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली का प्रवाह बंद कराया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

जंगली जानवरों से फसल को बचाने लगाते हैं तार : सूचना मिलने पर सहसपुर लोहारा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस यह जांच कर रही है कि खेत में लगाया गया विद्युत झटका तार किस प्रकार और किस स्रोत से संचालित किया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए कई किसान अवैध रूप से करंट प्रवाहित तारों का उपयोग कर रहे हैं। पूर्व में भी ऐसे हादसों में ग्रामीणों, मवेशियों और वन्यजीवों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### आकाशीय बिजली की ...

परिजनों ने पूछताछ की। इस दौरान रात्रि के समय उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। परिजनों की सूचना पर डभरा पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके पश्चात दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया गया।

## आधार कार्ड में खुद ही बदल सकेंगे ई-मेल, छह महीने के लिए ऐप पर है सुविधा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार धारकों को बड़ी राहत देते हुए आधार में ई-मेल आईडी अपडेट करने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। अब यह काम सीधे आधार ऐप के माध्यम से किया जा सकेगा। यह सुविधा 1 जुलाई से शुरू हुई। अगले छह महीने तक मुफ्त उपलब्ध रहेगी। लोगों में इस नई सुविधा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, आधार से ई-मेल आईडी जोड़ने का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि जब भी किसी सेवा के लिए आधार प्रमाणीकरण किया जाएगा, आधार धारक को तुरंत ई-मेल के माध्यम से सूचना मिल जाएगी। यदि किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा आधार का उपयोग करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी जानकारी भी उपयोगकर्ता को समय पर मिल सकेगी।


**सोने की नीलामी की सूचना**

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड,
अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-08-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक**; PLI4GOL24419810, 27216461, 28543291. **भिलाई - जीई रोड**; PBX2GOL24043790, 25422158, 26442189, 27371375. (11-08-26): **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड**: PMM8GOL28138572. **भिलाई - स्मृति नगर**: PLL2GOL24741395, 24955609, 27153739, 28504854. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक**; PGJ8GOL24473327, 25732156, 26040256. (12-08-26) **बिलासपुर - सरकंडा**: P42HGOL24300477, 25120069, 26077027, 26726928, 26769741, 28026397, 28311588. **चांपा - बारपाली चौक**; PPA1GOL28458439. (13-08-26) **दुर्ग - महाराजा चौक**; PMW4GOL24071106, 27185395, 28059472. **दुर्ग - स्टेशन रोड**: P08IGOL27768694, 28662545. **कटघोरा - बीजीएल**: PNY8GOL26289477, 26744166, 27413567, 27790404. (14-08-26) **कोरबा - सीएसईबी चौक**; PEQ2GOL17421203, 24029475, 24118085, 25446839, 26759094, 28354567. **कोरबा - कोसाबाड़ी**; PLI5GOL17508770, 26958363, 27787368. (17-08-26): **महासमुंद - बीजीएल**; PNU8GOL25546547. **मनेन्द्रगढ़ - बीजीएल**; PNU9GOL24870739, 24875030, 24892422, 25461578, 25871165, 26710187, 27046710, 27153552, 27761255. **मुंगेली - मेन रोड**; POY9GOL27413416. (18-08-26): **रायपुर - जीई रोड**; PCZ6GOL28057055. **रायपुर - पचपेड़ी नाका**; PLI9GOL24270356, 24488076, 24490983, 24487035. **रायपुर - पियांक टावर**: PEN5GOL24095044, 24079757, 26067224, 28554325. (19-08-26) **रायपुर - तेलीबांधा रोड**; PF45GOL24679441, 26115441, 26111039, 26067542, 26273573, 28515584. **राजनांदगांव - जीई रोड**; PEN6GOL23756190, 27016025, 27202129, 27339975, 27342534, 28496940, 28668021. **व्यापार विहार बिलासपुर**; PLI7GOL17737157, 27179161.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**



**कार्यालय नगर पंचायत डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.)**

**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**क्रमांक / 189 / लो.नि.वि. / न.पंचा. / 2026-27 डौण्डी, दिनांक: 02/07/2026**

कार्यालय नगर पंचायत डौण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रचलित पी.डब्लू.डी बिल्डिंग एस.ओ.आर. 2015, इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर. 2020, पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020, एवं रोड़ एस.ओ.आर. 2025 के तहत कम या अधिक या समान दरों पर कार्य अनुसार फार्म "ए" में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194716 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of DOUNDI, Chhattisgarh | 23.3 लाख | 11700.00 | 20/07/2026 |

निविदा एवं विस्तृत जानकारी हेतु ऑनलाईन वेबसाईट Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 02.07.2026 को शाम 20.00 बजे देखे एवं निविदा की कार्यवाही की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Main portal- http://eproc.cgstate.gov.in , UADD Portal- http://eproc.cgstate.gov.in

**क्रमांक /232/न.पा.प./लो.क.वि./2026** **अहिवारा दिनांक 02.07.2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक/अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (6th call) | 194723 | 437.06 Lakh | Bid Start Date 02.07.2026, 17.30PM, Bid Due Date - 17.07.2026, 17.30PM Physical Documents Submission End Date - 22.07.2026, 17.30 PM Bid open Date -23.07.2026, 17.00PM, Prebid Meeting (Online) google meet. Meeting Link: skw-jirc-pac Date- 08.07.2026, 12.00 pm to 12.20 pm |
| 2. | Green Space Development Shitala Mandir Park, Ward No 1, Ahiwara, Durg, C.G. under AMRUT 2.0 including 12 months Defects Liabilty Period and 5 years Operation and Mainteance of all Project (2nd Call) | 194724 | 215.99 Lakh | Bid Start Date 02.07.2026, 17.30PM, Bid Due Date - 17.07.2026, 17.30 PM, Physical Documents Submission End Date 22.07.2026, 17.00PM Bid open Date - 23.07.2026, 11.30 PM, Site Visit & Prebid Meeting Date - 08.07.2026, 10.00 to 13.00 pm & 14.00 to 16.00 |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अहिवारा**


## शब्द पहेली - 6276




बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बड़प्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्द्र,हरा-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,संधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -6275 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6286

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6285 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# अब नहीं लगेगी ईवी वाहनों में आग, नई लिथियम बैटरी 150 डिग्री तापमान में भरेगी फर्राटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई सेरमिक बेस्ड लिथियम-आयन बैटरी विकसित करने वाले वैज्ञानिकों का दावा है कि नई विकसित फायर प्रूफ बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन का ज्यादा तापमान झेलने में सक्षम हैं, जिससे आगजनी और विस्फोट की संभावना कम हैं। यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में ईवी वाहन को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है।

- बैटरी के लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव के कारण आग लगती है

गौरतलब है लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ स्मार्टफोन, घड़ी और मेडिकल इम्प्लांट जैसे गैजेट्स में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। चूंकि इन बैटरियों की साइज़ एक हद से ज़्यादा कम करना मुश्किल होता है और इससे जुड़ी सुरक्षा चिंताएं भी बड़ी होती हैं, क्योंकि लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव और उसके क्षतिग्रस्त होने पर वाहन में आगजनी का खतरा हमेशा बना रहता है।

## यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में अधिक सुरक्षा प्रदान करती है

### आग नहीं पकड़ती नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी

शोधकर्ताओं के मुताबिक नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी आग नहीं पकड़ने वाली है और लगातार बाहरी गर्मी के संपर्क में रहने पर भी अपनी संरचनात्मक बनावट को मज़बूत बनाए रखती है। हवा में तापमान सहने की इसकी क्षमता उत्कृट है, जो पॉलीमर या कंपोजिट इलेक्ट्रोलाइट वाली बैटरी से कहीं बेहतर है। उनका मानना है कि बैटरी की यह तकनीक खासकर उच्च तापमान वाले वातावरण में पहनने योग्य सेंसर, आईओटी उपकरणों और एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति प्रदान करने में भी काफी उपयोगी साबित हो सकती है।





*बैटरी 150 डिग्री सेल्सियस पर भी काम कर सकती है : पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी के जोखिम को देखते हुए सिंहुआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसे चैलेंज की तरह लिया। उन्होंने तय किया कि एक ऐसी बैटरी विकसित करेंगे, जो साइज में छोटी होने के साथ अधिक एनर्जी डेंसिटी वाली हो और मुश्किल हालात में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हो। उनका दावा है कि विकसित नई सिरेमिक लिथियम-आयन माइक्रो-बैटरी 150 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर भी काम करने का वादा करती है।*

### कम टिकाऊ होते हैं पतले वर्जन की बैटरियां

वैज्ञानिकों के मुताबिक इन्हीं कमियों के चलते अग्नि सुरक्षा प्रणाली, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सेंसर, अंतरिक्ष उपकरण और सैन्य अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पारंपरिक बैटरियां का उपयोग सीमित हो गया है। इसके विपरीत, सॉलिड-स्टेट लिथियम बैटरियां एक ठोस चालक माध्यम का उपयोग करती हैं, जो अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, लेकिन उनके विकसित पतले वर्जन की बैटरियों के टिकाऊपन में चुनौती आती है।

### ज्यादा तापमान में लीक हो जाती है पारंपिक बैटरी

स्टडी में कहा गया है कि नई बैटरी अलग-अलग तापमान रेंज में बिना किसी दबाव के ठीक से काम करती है और छोटे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए सुरक्षित और मजबूत पावर सॉल्यूशन देने में भी कारगर है। स्टडी के मुताबिक आम बैटरी में इलेक्ट्रिक करंट बनाने के लिए लिथियम आयन लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट से होकर गुजरते हैं, लेकिन ज़्यादा तापमान या फिजिकल डैमेज होने पर इलेक्ट्रोलाइट लीक हो सकते है या उसमें आग भी लग सकती है।

## विदेशी मुद्रा बाजार में 5.65 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जून को समाप्त सप्ताह में 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर हो गया था।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/MB/Chatarpur/714 Date – 02.07.2026

**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Municipal Building at Chhatarpur under Chhatarpur Nagar Panchayat |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 13,68,05,006/- (Rupees Thirteen Crore Sixty Eight Lakh Five Thousand Six) only. |
| 4 | Time of Completion | 18 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 13,68,100/- (Rupees Thirteen Lakh Sixty Eight Thousand One Hundred ) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 06.07.2026 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 28.07.2026 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 29.07.2026 17:00 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 383923 (Urban Development) 26-27 (D)

## एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क बढ़ाने की मांग



- एएआई ने सरकार से बीसीडी बढ़ाने की मांग की
- संगठन की चेतावनी, अन्यथा रासस्व पर गंभीर असर पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सरकार से एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि सस्ते आयात और वैश्विक संरक्षणवाद के बढ़ते दबाव से घरेलू निवेश तथा सरकारी राजस्व पर गंभीर असर पड़ सकता है। एएआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग फिलहाल एक तरफ आयात में तेजी से वृद्धि और दूसरी तरफ निर्यात बाजारों तक पहुंच में कमी जैसी दो समस्याओं से एक साथ जूझ रहा है। संगठन ने आयात में आई तेज़ी को रोकने के लिए बीडीसी बढ़ाने समेत कई ज़रूरी कदम उठाने की मांग की है। एएआई के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-2026 में एल्युमीनियम आयात रिकॉर्ड स्तर 34.8 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंच गया, जिससे देश से 88,400 करोड़ रुपये से अधिक विदेशी मुद्रा बाहर गई। संगठन के अनुसार, भारतीय एल्युमीनियम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है और हर साल लगभग 30,000 करोड़ रुपये का राजस्व देता है।

## धोनी ने लांच किया एलन टैलेंटेक्स 2027, विद्यार्थियों को किया प्रेरित




**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा एलन टैलेंटेक्स-2027 के 13वें संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए आत्मविश्लेषण, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा, चीफ एकेडमिक ऑफिसर सी.आर. चौधरी तथा पिछले पांच वर्षों के टॉप रैंकर्स भी मौजूद रहे। धोनी ने कहा कि विद्यार्थी जितनी जल्दी अपनी क्षमताओं और कमजोरियों को पहचानते हैं, उतनी ही बेहतर तैयारी भविष्य के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हो या शिक्षा, सफलता के लिए अनुशासन, सही दिशा और लगातार सीखने की भावना जरूरी है। उन्होंने टैलेंटेक्स जैसी परीक्षाओं को विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और क्षमता के आकलन का प्रभावी माध्यम बताया। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि टैलेंटेक्स का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जेईई एडवांस्ड-2026 में एलन के 24 विद्यार्थियों ने टॉप-50 और नीट-2025 में 39 विद्यार्थियों ने टॉप-100 में स्थान प्राप्त किया।

### 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं

वेबसाइट लांच होने के साथ ही टैलेंटेक्स-2027 के लिए पंजीकरण भी शुरू हो गए हैं। अर्ली बर्ड ऑफर के तहत 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से परीक्षा में भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को नेशनल रैंकिंग, कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स, आकर्षक पुरस्कार तथा एलन के कोर्स शुल्क पर 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा का पाठ्यक्रम एनसीईआरटी आधारित रहेगा।

## 'अभिनव सिटी' में आयोजित आवास मेले को मिला शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** रायपुर के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर 'अष्टविनायक रियल्टीज' और 'अभिनव बिल्डर्स' द्वारा मोवा, दलदल सिवनी स्थित बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट 'अभिनव सिटी' में आयोजित तीन-दिवसीय भव्य 'आवास मेले' का शुक्रवार को शानदार आगाज हुआ। मेले के पहले ही दिन शहरवासियों का भारी उत्साह और अभूतपूर्व रिस्पांस देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार पहले दिन 150 से अधिक लोगों ने प्रोजेक्ट का भ्रमण किया, जबकि 27 से अधिक आवासों की बुकिंग दर्ज की गई।

आवास मेले में ग्राहकों को प्रीमियम प्लॉट्स के साथ 2 एवं 3 बीएचके लग्जरी अपार्टमेंट्स के विविध विकल्प उपलब्ध होंगे। प्रोजेक्ट में गार्डन फेसिंग, कॉर्नर तथा प्रीमियम प्लॉट्स के अलावा आधुनिक डिजाइन वाले अपार्टमेंट्स तैयार किए गए हैं। अष्टविनायक रियल्टीज़ के सीएमडी संतोष लोहाना ने पहले दिन मिले प्रतिसाद पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शहरवासियों का विश्वास कंपनी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल मकान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और बेहतर जीवनशैली देना है। वहीं, कंपनी के एमडी प्रकाश लोहाना ने कहा कि पहले दिन का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि 'अभिनव सिटी' अपनी लोकेशन, पारदर्शिता और आधुनिक सुविधाओं के कारण लोगों की पहली पसंद बन रही है।



*आधुनिक लाइफस्टाइल का मिलेगा अनुभवः 'अभिनव सिटी' में विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल के लिए 10 गार्डन, मंदिर, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, स्टीम बाथ, मल्टीपर्पस कोर्ट, नेट क्रिकेट, मिनी थिएटर, म्यूजिक रूम, कम्युनिटी हॉल, किड्स प्ले एरिया, गेस्ट रूम तथा 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।*

*प्राइम लोकेशन और शानदार कनेक्टिविटी : प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राइम लोकेशन है। यहां से इंदिरा स्मृति वन, साइंस सेंटर, प्रमुख स्कूल, अस्पताल, अंबुजा मॉल, रिलायंस स्मार्ट बाजार, डेकाथलॉन, अवंती बाई चौक, पंडरी मार्केट और रेलवे स्टेशन तक आसान पहुंच उपलब्ध है।*

*4 और 5 जुलाई को भी जारी रहेगा आवास मेला : आयोजकों के अनुसार आवास मेला 4 और 5 जुलाई तक जारी रहेगा। इस दौरान स्पॉट बुकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक और सुनिश्चित उपहार की भी व्यवस्था की गई है।*

**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग**
पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला - रायपुर (छ.ग.)
दुरभाष नम्बर / फैक्स नम्बर- 0771-2284044 ई.मेल - dwcdraipur@gmail.com

क्र./2504/मबावि/स्था./2026-27 **// विज्ञापन //** रायपुर, दिनांक. 01/07/2026

संचालक, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन नवा रायपुर छ. ग. का पत्र क्रमांक / 7246 / मबावि / 2024-25 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक **01.10.2024** एवं क्रमांक/ 10478/ मबावि / मसमि / सखी-4 / 24-25 नवा रायपुर दिनांक **27.11.2024** के परिपालन में छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पत्र क्रमांक / 4077 दिनांक 14. 11.2022 के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर रायपुर के नवीन वित्तीय मापदण्ड एवं मानव संसाधन के प्रावधान के अनुसार किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। सखी वन स्टॉप सेंटर का नवीन मागदर्शिका 2022 मापदण्ड अनुसार संचालन किया जाना है।

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूर्व में संचालित "सखी" वन स्टॉप सेंटर रायपुर एवं अतिरिक्त 'सखी' वन स्टॉप सेंटर नवा रायपुर में दैनिक कार्यो के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए दोनो केन्द्रो हेतु 1-**1 केन्द्र प्रशासक** का चयन किया जाना है । **इस हेतु पात्र महिला आवेदकों से (व्यक्तिगत सेवाप्रदाता)** निम्नानुसार उल्लेखित कार्यो / प्रदीय कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है।

इस हेतु दिनांक **02/07/2026** से दिनांक **16/07/2026** तक समय प्रातः 10:00 बजे से 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय कैम्पस, जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से ही आंमत्रित किये जाते है

**रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | | | | निर्धारित एकमुश्त / संविदा मासिक वेतन | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | | योग | | | |
| 1 | केन्द्र प्रशासक | 02 | | 02 | | 31450 | |
| | **कुल योग** | **02** | | **02** | | | मेरिट आधार |

उपरोक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट https://raipur.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला-रायपुर (छ.ग.)

G-262701886/2

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Public Works Division, Ahilyanagar**
**Phone No. 0214/2325334 & 0241/2325086**
e-mail- **ahmednagar.ee@mahapwd.gov.in**

**E-TENDER NOTICE NO.05 FOR 2026-27 (Online)**
**Corrigendum No.1**

online E-Tenders in B-1 Form for the following works invited by Executive Engineer Public Works Division, Ahilyanagar (Phone No. 0241-2325334/2325086) From the Competent and Interested contractors .(Not Necessary Registered with P.W.D.) If Global Company having its Branch/Sub Company in Indian they can Participate in Tender.

Executive Engineer, Public Works Division, Ahilyanagar who reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason there fore.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Amount in Lakhs | Estimated Amount in Words |
|---|---|---|---|
| 1 | Improvement to Kedgaon Sonewadi Akolner Ghospuri Chikhali Road MDR-54 Km 4/500 to 9/00 (Part-Kedgaon to Akolner) Tal.Dist-Ahilyanagar | Rs.540.00 Lakhs | Rs.Five Crore Forty Lakhs . |
| 2 | Constrution of Causeway on Tal.Border Shrigonda to Mhatarpimpri to Dist.Border road Vr.59 at Km.4/00 Tal.Nagar (Near Shri Krishna Temple Mahanubhav Ashram) Tal.Dist.A.nagar | Rs.648.00 Lakhs | Rs.Six Crore Forty Eight Lakhs |
| 3 | Concreting & Improvement to Kharekarjune Hingangaon Nimgaon Wagha Kedgaon Wakodi Walunj Road (M.D.R.170) Km. 17/220 to 19/400 Tal. Ahilyanagar Dist. Ahilyanagar | Rs.565.00 Lakhs | Rs.Five Crore Sixty Five Lakhs |
| 4 | Concreting & Improvement to Pune Ahilyanagar Road (Old S.H.60) Km. 118/800 to 119/800 Tal. Dist. A.nagar | Rs.1215.00 Lakhs | Rs.Twelve Crore Fifteen Lakhs |

Tender sale start Date - **06/07/2026** to **13/07/2026**, at 18.00 Pm, Tender Opening Dt. **14/07/2026**, Pre-Bid Meeting, Dt. **9/07/2026** at 12.30 Hrs. in the Office of Chief Engineer, P.W.Region Office, Nashik

**The details of works are provided on the websites as below.**

1. **www.mahapwd.com**. 2. **https://mahatenders.gov.in**

(Change if any in above Schedule can be seen on above website)

**Executive Engineer,**
**Public Work Division Ahilyanagar**

## ह्यूमनॉइड रोबो, जिंदगी भर देगा साथ, कीमत 17 लाख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अकेले रह रहे युवाओं और बुजुर्गों के लिए बिल्कुल इंसानों की शक्ल-सूरत वाले ह्यूमनॉइड रोबो एक चीनी कंपनी ने लांच किया है। महिला और पुरुष दोनों रूपों में उपलब्ध ह्यूमनॉइड रोबो आर्टिफिशियल इंटलीजेंस से लैस हैं। ह्यूमनॉइड रोबो हूबहू इंसानों की तरह बात कर सकते हैं और तनावपूर्ण माहौल में यूजर के साथ अपनी भावनाएं भी जाहिर करने में सक्षम हैं। ह्यूमनॉइड रोबो को बनाने वाली कंपनी यूबी टेक का कहना है कि उसका 'यू1' ह्यूमनॉइड रोबो दुनिया का पहला फ़ुल-साइज़ इंसानों जैसा दिखने वाला ह्यूमनॉइड रोबो है, जिसे खासकर बड़े पैमाने पर बुजुर्गों और अकेले रह रहे लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी के बेसिक मॉडल U1 रोबो की कीमत 17 लाख रुपए है, जबकि अल्ट्रा मॉडल की कीमत 1 करोड़ 39 लाख रुपए बताई गई है।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में तेजी सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेजी और अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 262 अंक और निफ्टी में 95 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.79 अंक चढ़कर 77,763.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.4 अंक चढ़कर 78,157.52 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 95.15 अंक बढ़कर 24,270.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 5.79 प्रतिशत की तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा 1.81 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा भारती एयरटेल, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईसीआईसीआई बैंक भी बढ़त में रहे।

## सोने में 3,300 रुपए का उछाल और चांदी 5,000 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। लगातार दूसरे सत्र में इसमें 3,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि वैश्विक बाजार में मजबूती और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की मांग को बढ़ा दिया।

दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,300 रुपये या 2.2 प्रतिशत बढ़कर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

**न्यायालय तहसीलदार लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / 1312 / तह. / वाचक / 2026 लवन दिनांक 24/06/2026

रा.प्र.क्र. 262605210100024

अ/59 वर्ष 2025 2026 ग्राम लाहौद रा.नि.मं. लाहोद तहसील लवन

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्रमांक 02 बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 1470 / कार्य/ 2026-27 बलौदाबाजार, दिनांक 15.05.2026 द्वारा ग्राम लाहौद प.ह.नं. 21 तहसील लवन स्थित **शासकीय भूमि खसरा नंबर 1560/1 रकबा 23.798 में से लगभग 0.324 हे. को निरीक्षण गृह एवं आवासीय भवन पुर्ननिर्माण करने हेतु** भूमि आबंटित करने की मांग किया गया है। उन्होने आवेदन पत्र के साथ खसरा पांचशाला एवं नक्शा की छायाप्रति संलग्न किया गया है। प्रकरण जांच एवं प्रतिवेदन, अभिमत हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि के आबंटन की अनुमति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप या दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 09/07/2026 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा / सील द्वारा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लवन

G-262701865/1

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला - रायपुर (छ. ग.)**
**// विज्ञापन //**

**क्रमांक /41/ वा-3/ अविअ/ खाद्य/2026 आरंग दिनांक 26/5/2026**

सर्व साधारण आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खंड आरंग के तहसील आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीसागर (शा. उ. मू. क्र. 442003036), ग्राम पंचायत अकोलिखुर्द (प.) (शा. उ.मू. क्र. 442003050), ग्राम पंचायत भलेरा (शा. उ. मू. क्र. 442003060) संचालक एजेंसी परिवर्तन किए जाने के फल स्वरुप लोक सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली ( नियंत्रण ) आदेश 2016 की खंड 09 के प्रावधान अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसाइटियों / महिला स्वयं सहायता समूह / ग्राम पंचायत/ अन्य उपभोक्ता सोसाइटी विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक कार्यालयीन समयावधि में अपना आवेदन, समूह / समिति का प्रस्ताव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छाया प्रति, ग्रेडिंग एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग में जमा कर सकते हैं।

ग्राम पंचायत भैंसा हेतु विज्ञापित नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन हेतु नियमावली (शर्तें), आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट-1), अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग एवं नगर पालिका परिषद, आरंग एवं नगर पालिका परिषद, मंदिर हसौद, नगर पंचायत चंदखुरी, समोदा की नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

G-262701883/2

## वस्तु और सेवा निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य तय : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं के निर्यात को 16-17 प्रतिशत बढ़ाकर 530 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। गोयल ने कहा कि सेवा क्षेत्र के निर्यात को भी वित्त वर्ष 2026-27 में 11 प्रतिशत बढ़ाकर 470 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। गोयल ने 'व्यापार बोर्ड' की बैठक में कहा, ''इस वित्त वर्ष के लिए एक लाख करोड़ डॉलर के कुल निर्यात का लक्ष्य है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का कुल निर्यात 863 अरब डॉलर रहा था, जिसमें वस्तु निर्यात 442 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 418 अरब डॉलर था।

CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CSPTCL
**कार्या. कार्यपालन यंत्री अ. उ.दा. (निर्माण) संभाग**
बिजली नगर. भिलाई-3, जिला - दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड-490021
वेबसाईट:-www.cspc.co.in, ईमेल:- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन न. :- 0788.2281954

क्र. का.यं./अ.उदा./निर्माण/466 भिलाई, दिनांक 03.07.2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 132 के.व्ही. भिलाई- बेरला लाईन से प्रस्तावित 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र अहिवारा तक 132 के.व्ही.डी.सी.डी.एस. लिलो लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 7.381 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन जिला- दुर्ग, तहसील- अहिवारा के अंतर्गत ग्राम-खांसाडीह, ढौर, गोढ़ी, मलपुरीखुर्द एवं सण्डी से होकर गुजर रही है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 07.07.2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है ।

**"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिये"**

कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई

S-48346/1

**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002
कार्यालय दूरभाष : 0771-2512500 फैक्स: 2512400
ई-मेल: ceo.nranvp@cg.gov.in

क्र. / 4971/1(1)923 / स्था./ सीधी भर्ती/ एनआरएएनव्हीपी /2024

दिनांक 01/07/2026

**-:: कार्यालयीन अधिसूचना ::-**

**विषयः- दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप अभ्यर्थिता समाप्त किये जाने के संबंध में।**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अन्तर्गत उप अभियंता (सिविल / लो.स्वा.यां.) के 21 पदों पर भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही दिनांक 04.05.2026, 20.05.2026 एवं दिनांक 02.06.2026 को आयोजित किए गए थे। इस प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त परीक्षा परिणाम अनुसार प्रावधिक सूची में आने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाईट एवं अभ्यर्थियों द्वारा छ.ग. व्यापमं में दिए गए पते पर बुलावा पत्र डाक के माध्यम से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। प्राधिकरण द्वारा बार-बार सूचित करने / बुलाए जाने के बावजूद, निम्नलिखित अभ्यर्थी दस्तावेजन सत्यापन तिथि को अनुपस्थित रहे हैं :-

| क्र. | अभ्यर्थी का नाम | श्रेणी / जाति संवर्ग | रोल नंबर | ओवरऑल रैंक | कैटेगरी रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री वैभव चन्द्राकर पिता श्री राजेन्द्र चन्द्राकर | अ.पि.व. | 25050168 | 14 | 10 |
| 2 | श्री यशवंत कुमार पिता श्री केशव राम | अ.पि.व. | 25100208 | 18 | 11 |
| 3 | श्री ऋषि कुमार पिता श्री तिलक राम कौशिक | अ.पि.व./ दिव्यांग | 13030261 | 1776 | 01 (दिव्यांग) |
| 4 | श्री युगेश पिता तीरथ राम | अ.जा./ दिव्यांग | 25150109 | 1894 | 03 (दिव्यांग) |

उपरोक्तानुसार सारणी में उल्लिखित सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होने हेतु पर्याप्त अवसर देने के पश्चात भी अनुपस्थित रहने के कारण चयन प्रक्रिया से बाहर माना जाता है। अतः उपरोक्त कारणों से, बिना किसी पूर्व सूचना के दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित न होने के कारण इन सभी 04 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता / उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त / समाप्त की जाती है।

( मु.का.अ. द्वारा अनुमोदित)

प्रबंधक (प्रशासन)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

S-48352/1






# स्पेन की 16 साल बाद नॉकआउट में एंट्री पुर्तगाल, स्विट्जरलैंड की शानदार जीत

## ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर स्पेन ने किया अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| इंगलवुड


मिकेल ओयार्ज़बल के दो गोल की मदद से खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर 2010 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में कोई मैच जीता। ओयार्ज़बल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस बीच पेड्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहा। उसने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक और कलात्मक खेल का अच्छा नमूना पेश किया। स्पेन के खिलाफ मौजूदा विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं हुआ है। ऑस्ट्रिया की टीम गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा पाई। इस तरह से स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट (मैच में कोई गोल नहीं खाना) हासिल करने में सफल रहे।

### हमने अच्छा मैच खेल दिखाया : ओयार्जाबल

ओयार्जाबल ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने टीम को अगले दौर में पहुंचाने में मदद की। अब थोड़ा आराम करके अगले मैच के लिए तैयार होना है। यह मुश्किल मैच था। हम जानते थे कि एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलना कठिन होगा, लेकिन हमारा दिन बहुत अच्छा रहा और हमने अच्छा मैच खेल दिखाया।'

## पुर्तगाल और क्रोएशिया के मैच में विवाद, फैंस ने फेंकी बोतलें

### हार के बाद छलके क्रोएशियाई खिलाड़ियों के आंसू



**टोरंटो।** गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया। अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई।

### रोनाल्डो का विश्व कप नॉकआउट में पहला गोल

क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया, जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के नायक रामोस रहे, जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा। उस समय रोनाल्डो बेंच पर बैठे हुए थे। उन्हें 81वें मिनट में सब्स्टीट्यूट कर दिया गया था। पुर्तगाल सोमवार को राउंड ऑफ 16 में स्पेन का सामना करेगा।




36 साल बाद टूटा विश्व कप का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

## गोलपोस्ट के 'सुपरमैन' साइमन, विश्व कप में 519 मिनट तक नहीं टूटा किला

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी।साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ एक भी नहीं, जिसने अपने पांचों शॉट लक्ष्य पर नहीं मारे।

### साइमन का शानदार प्रदर्शन

साइमन और स्पेन ने 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप में चार मैचों में सिर्फ तीन गोल खाए, फिर भी उन्हें टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होना पड़ा था। साइमन का गोल न खाने की यह सिलसिला स्पेन की जापान से 2-1 की हार के दौरान शुरू हुआ और मोरक्को के साथ गोलरहित ड्रॉ तक जारी रहा। मोरक्को ने तब पेनल्टी शूटआउट में साइमन के खिलाफ अपने चार पेनल्टी में से तीन को गोल में बदलकर स्पेन को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

## एम्बोलो ने दागा 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंजाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतरराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया।(स्विट्जरलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा। स्विट्जरलैंड ने 1938 में फ्रांस में खेले गए



विश्व कप के बाद नॉकआउट राउंड का कोई मैच नहीं जीता था, लेकिन 1954 में उसकी टीम ने प्लेऑफ मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम पिछले तीन विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही।

## सफीउलिन ने फोंसेका को हराकर पहुंचे चौथे राउंड में



**लंदन।** रोमन सफीउलिन ने अपने करियर की सबसे बेहतरीन और भावनात्मक जीत हासिल करते हुए विंबलडन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। रूस के सफीउलिन ने शुक्रवार को ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-3, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौरे में जगह बनाई। लंबे समय तक इंजरी से जूझने के बाद विंबलडन के चौथे दौर में पहुंचना सफीउलिन के लिए निश्चित रूप से भावनात्मक और रोमांचक है। 28 साल के सफीउलिन 2026 में एक भी टूर-लेवल जीत के बिना ऑल इंग्लैंड क्लब पहुंचे थे। उन्होंने ब्राजील के खिलाड़ी को दो घंटे और नौ मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों हराया। यह मैच 2023 में क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद से ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उनका सबसे अच्छा नतीजा था। सफीउलिन का सामना अब चौथे राउंड में सात बार के विंबलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच या फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा।

## विंबलडन : नाओमी ओसाका ने 65 मिनट में कसाटकिना को हराया, चौथे दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

नाओमी ओसाका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार विंबलडन के चौथे दौर में जगह बना ली। 14वीं वरीयता प्राप्त जापानी स्टार ने ऑस्ट्रेलिया की डारिया कसाटकिना को मात्र 65 मिनट में 6-1, 6-3 से हराकर ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने करियर का नया अध्याय लिखा।

इस जीत के साथ ओसाका ने चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में दूसरे सप्ताह तक पहुंचने की उपलब्धि भी हासिल कर ली। ग्रास कोर्ट पर यह ओसाका का अब तक का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन रहा। उन्होंने पूरे मुकाबले में केवल चार गेम गंवाए और शुरुआत से ही मैच पर अपना पूरा नियंत्रण बनाए रखा। उनकी दमदार सर्विस और सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने कसाटकिना पूरी तरह बेअसर नजर आईं। पहले सेट में ओसाका ने अपनी सर्विस पर केवल पांच अंक गंवाए और 6-1 से सेट अपने नाम किया।



### कसाटकिना ने फोरहैंड में लगाए शानदार विनर्स

दूसरे सेट में कसाटकिना ने वापसी की कोशिश की। उन्होंने लंबी रैलियों में ओसाका को उलझाया और अपने फोरहैंड से कुछ शानदार विनर्स लगाए। एक बेहतरीन लॉब की मदद से उन्होंने स्कोर 3-3 से बराबर भी कर लिया। हालांकि, सातवें गेम में ओसाका ने दबाव झेलते हुए तीन ड्यूस के बाद सर्विस ब्रेक हासिल किया और 4-3 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने कोई मौका नहीं गंवाया और लगातार दो गेम जीतकर मुकाबला सीधे सेटों में समाप्त कर दिया। 27 वर्षीय ओसाका अब उन 31 सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई है।

## भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण की बढती मांग के बीच इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार 4 जुलाई को दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा, जो इस दौरे पर लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया



था, जिसमें भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे। अगले कुछ मैचों में फोकस सैमसन पर रहेगा कि वह सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका दिए जाने की बढती मांग के बीच अपनी उपयोगिता साबित कर पाते हैं या नहीं। ***मैच शाम 7 बजे से।***

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| मेसर्स ओम ट्रेडर्स पार्टनर्स : 1. श्रीमती किरण पाठक पति श्री अनिल कुमार पाठक 2. श्री अनिल कुमार पाठक पिता श्री सुख देव पाठक पता : ऑफिस नं. 313, तीसरी मंजिल, समता शॉपिंग आर्केड, मेन रोड समता कॉलोनी, रायपुर-492001 (छ.ग.) | 1. गिरवी राखी संपत्ति का विवरण:- प्लॉट नं. 10, ब्लॉक नं. 21, मौजा- मोतीलाल नेहरु नगर पश्चिम, आवासीय योजना- कोसा नगर, वार्ड नं 03, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, चतुर्सीमा :- उत्तर : प्लॉट क्र. 11, दक्षिण : प्लॉट क्र. 09, पूर्व : प्लॉट क्र. 08, पश्चिम : सड़क, विलेख का विवरण: 1- मूल विक्रय विलेख क्रमांक 4938, पुस्तक क्रमांक -1, ग्रंथ क्रमांक 747, पृष्ठ क्रमांक 103 से 131 दिनांक 11.03.2020, श्रीमति किरण पाठक पत्नी श्री अनिल कुमार पाठक के पक्ष में। 2- फ्रीहोल्ड विलेख क्रमांक 921, पुस्तक क्रमांक 1, ग्रंथ क्रमांक 34762, पृष्ठ क्रमांक 317 से 333 दिनांक 01.07.2020, श्रीमति किरण पाठक पत्नी श्री अनिल कुमार पाठक के पक्ष में। | CASH CREDIT<br>30/04/2026 से कुल देय धनराशि ₹94,42,274.46 + ब्याज व अन्य खर्च<br>एनपीए तिथि: 01.05.2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर यूको बैंक, मुख्य शाखा फाफाडीह रायपुर से उपर उल्लेखित ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा उपर उल्लेखित उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर उपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (उपर उल्लेखित अनुसार) एनपीए की तिथि अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को उपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 02.06.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

## सफेद मोहरों से गुकेश ने अंतिम गेम में अनीश को हराया

एजेंसी ▶▶| जाग्रेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपने सफेद मोहरों का अच्छा उपयोग करते हुए दिन के अंतिम गेम में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया और ग्रैंड शतरंज टूर के ज़ाग्रेब चरण के दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

ईरान के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12 में से 10 अंक हासिल करके अपनी बढ़त तीन अंक तक पहुंचा दी है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, रोमानिया के डिएक बोगदान-डैनियल और गुकेश के समान सात अंक हैं और



वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञाननंदा, गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट सिर्फ दो-दो अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

### गुकेश ने उठाया अवसरों का भरपूर फायदा

रूय लोपेज एक्सचेंज वेरिएशन में गिरी के खिलाफ मिले अवसरों का गुकेश ने भरपूर फायदा उठाया। भारतीय खिलाड़ी ने उनके राजा पर हमला किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिन की शुरुआत में, गुकेश ने बोगदान-डेनियल के खिलाफ अप्रत्याशित हार के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद फोरस्ट पर जीत हासिल की।

हरिभूमि आवश्यकता है inh

रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए

विडियो एडिटर्स

FCP या Adobe Premier की जानकारी अनिवार्य

अनुभवी को प्राथमिकता

संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9522283349

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एच.एल.सी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग. फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। ऋणी द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा ऋणी / जमानतदारों को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पतियों का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी / जमानतदारों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित सम्पतियों से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। ऋणी / जमानतदारों का *ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।*

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री अशोक कुमार पटवारे** पिता श्री रूखाड़ू प्रसाद पटवारे | (1) 22.04.2026 (2) 29.06.2026 | रू. 750623.00 +ब्याज एवं अन्य शुल्क | फ्लैट नंबर-416, चौथी मंज़िल खसरा नंबर-262, 263/1-2, 279/1-2 का भाग, "साई सिमरन टावर्स", मथपुरेना, सिमरन सिटी, चंद्रशेखर आज़ाद वार्ड नंबर-2, रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) में सुपर बिल्ट-अप क्षेत्र 870 वर्ग फुट और ऊंचाई 10 फीट पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। सेल डीड दिनांक 18/03/2013, पुस्तक क्रमांक अ-1, खंड क्रमांक -58006, पृष्ठ क्रमांक15 से 30, संख्या क्रमांक 6652. सीमाएँ: उत्तर - फ्लैट नंबर 415, दक्षिण - फ्लैट नंबर 417, पूर्व – कॉरिडोर, पश्चिम – खुली जगह |
| 2. | **श्रीमती मंजू श्रीवास** पति श्री दीपक श्रीवास, **श्री दीपक श्रीवास** पिता श्री संतोष श्रीवास | (1) 22.04.2026 (2) 03.07.2026 | रू. 1083830.00 +ब्याज एवं अन्य शुल्क | परिवर्तित भूमि स्थित मौजा गाँव- भानपुरी, प.ह नंबर 39, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा के अंतर्गत (वार्ड नंबर 05 बंजारी माता वार्ड, कंडिका नंबर 04 गोकुल नगर/कैलाश नगर/ रामेश्वर नगर) आरएनएम-रायपुर-1, तहसील व ज़िला- रायपुर (छत्तीसगढ़) पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। सेल डीस दिनांक 22/02/2021, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 74784, पृष्ठ क्रमांक 125 से 146, डीड क्रमांक 5860। सीमाएँ: उत्तर- जी अप्पा राव की भूमि, दक्षिण- सैटिन की भूमि, पूर्व- कामता वर्मा की भूमि, पश्चिम- सड़क |
| 3. | **श्री उमेंद राम** पिता श्री भीखम दास राव | (1) 22.04.2026 (2) 29.06.2026 | रू. 2125932.00 +ब्याज एवं अन्य शुल्क | अपार्टमेंट नंबर- '404', चौथी मंज़िल, टाइप-'2 बीएचके', 'कृष्णा टावर' कॉलोनी, यह कॉलम सिस्टम आरसीसी स्लैब स्ट्रक्चर है और कृष्णा नगर, बजरंग वार्ड, रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित है, पुराना खसरा नंबर 800/1 एवं नया खसरा नंबर 15001/1, पटवारी हल्का नंबर 08, नगर पालिका वार्ड नंबर-18, तहसील-तिल्दा, ज़िला-रायपुर (छत्तीसगढ़) में क्षेत्रफल - 707 वर्ग फ़ीट पर स्थित संपत्ति। सीमाएँ: उत्तर - चौथी मंज़िल का कॉरिडोर, दक्षिण - खुला आसमान, पूर्व – फ़्लैट नंबर 403, पश्चिम – खुला आसमान। |

दिनांक: 04.07.2026, स्थान- रायपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक




आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग काम, परिवार और निजी जिम्मेदारियों के बीच इतने उलझ जाते हैं कि अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने का समय ही नहीं मिल पाता। बाहर से मुस्कुराते दिखने वाले कई लोग भीतर ही भीतर तनाव, अकेलेपन और मानसिक दबाव से जूझ रहे होते हैं।

# यहां हंसने नहीं, खुलकर रोने आते हैं हजारों लोग, आंसू बहाकर करते हैं मन हल्का

**सूरत।** ऐसे में देश के कुछ शहरों में एक नया ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसे क्राइ क्लब के नाम से जाना जाता है। यहां लोग हंसने के लिए नहीं, बल्कि खुलकर रोने और अपने मन का बोझ हल्का करने के लिए पहुंचते हैं।

गुजरात के सूरत में चल रहा हेल्दी क्राइंग क्लब पिछले करीब आठ वर्षों से लोगों को ऐसा सुरक्षित माहौल उपलब्ध करा रहा है, जहां वे बिना किसी झिझक के अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकें। इस क्लब में आने वाले लोगों से यह नहीं पूछा जाता कि वे क्यों रो रहे हैं।

## धीरे-धीरे यह अवधारणा कई देशों तक पहुंची

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी

क्लब के संस्थापक कमलेश मसालावाला का मानना है कि समाज में खासकर पुरुषों को बचपन से यह सिखाया जाता है कि रोना कमजोरी की निशानी है। यही वजह है कि कई लोग अपनी भावनाओं को वर्षों तक दबाकर रखते हैं। इन सेशनों में शांत वातावरण, हल्का संगीत और सुकून देने वाला माहौल तैयार किया जाता है, जिससे लोग सहज महसूस कर सकें. यहां आने वालों में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होते हैं। कोई रिश्तों में आई परेशानियों से जूझ रहा होता है, कोई नौकरी के तनाव से, तो कोई अकेलेपन और मानसिक थकान से राहत पाने की उम्मीद लेकर पहुंचता है।



### रोना इंसान की स्वाभाविक भावनात्मक प्रतिक्रिया

विशेषज्ञों के अनुसार, रोना इंसान की स्वाभाविक भावनात्मक प्रतिक्रिया है। लंबे समय तक तनाव और दुख को दबाकर रखने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में नियंत्रित और सुरक्षित माहौल में भावनाएं व्यक्त करना कई लोगों के लिए राहत का कारण बन सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति लगातार उदासी, तनाव या मानसिक परेशानी महसूस कर रहा हो, तो उसे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी है।

### रुई-कात्सु कॉन्सेप्ट से है प्रेरित

दरअसल, क्राइ क्लब का विचार जापान के 'रुई-कात्सु' कॉन्सेप्ट से प्रेरित माना जाता है। धीरे-धीरे यह अवधारणा कई देशों तक पहुंची और अब भारत के मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और सूरत जैसे शहरों में भी ऐसे सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। डिजिटल दौर में, जहां लोग ऑनलाइन जुड़े होने के बावजूद भावनात्मक रूप से अकेलापन महसूस करते हैं, वहीं, ऐसे समूह कई लोगों के लिए अपनापन और मानसिक राहत का एक नया माध्यम बनकर उभर रहे हैं।

## रोचक खबरें

# 8 करोड़ सालों से जिंदा है ये जीव, इंसान ने बस 10 साल में कर दिया बर्बाद!

**नई दिल्ली।** धरती पर कई ऐसे जीव हैं जो लाखों-करोड़ों साल से बिना बदले जीवित है। इन्हें प्रकृति ने इतनी मजबूती दी है कि बड़े-बड़े शिकारी भी इन्हें नुकसान नहीं पहुंचा पाए।



लेकिन, इंसान का लालच इन प्राचीन जीवों को भी बर्बाद कर रहा है। ऐसी ही एक दर्दनाक कहानी है पैंगोलिन की। यह अनोखा जीव पिछले 8 करोड़ साल से धरती पर राज कर रहा था, लेकिन इंसानों ने सिर्फ 10 साल में इसे विलुप्त होने की कगार पर पहुंचा दिया है। पैंगोलिन को 'स्केली एंटईटर' भी कहा जाता है। इसका पूरा शरीर मजबूत शल्कों से ढका होता है जो केराटिन से बने होते हैं। खतरे के समय यह गोले का रूप धारण कर लेता है। यही कारण है कि शेर, चीता, भालू या हाथी जैसे जानवर भी इसे आसानी से नहीं खा पाते। लाखों सालों से यह रणनीति इनकी सुरक्षा करती रही। लेकिन, इंसान के सामने यह रक्षा बेकार साबित हुई। चीन, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों में पैंगोलिन की स्केल्स को पारंपरिक दवा में इस्तेमाल किया जाता है। इसके मांस को स्वादिष्ट माना जाता है। नतीजतन, दुनिया भर में पैंगोलिन सबसे ज्यादा तस्करी वाला जानवर बन गया है। सीआईटीईएस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में हजारों पैंगोलिन पकड़े गए, लेकिन इससे कहीं ज्यादा तस्करी हो रही है।

# ये है दुनिया का सबसे अनोखा जीव, कई जानवरों का है मिश्रण

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने कई अनोखे जीवों को रचा है लेकिन प्लैटिपस उन सबसे अलग है। इसे देखकर वैज्ञानिक भी हैरान रह गए थे, जब पहली बार इसे खोजा गया था। कई लोग इसे बतख और बीवर का मिश्रण समझ बैठते हैं, लेकिन ये सबसे अलग एक अलग ही जीव है।

प्लैटिपस की चोंच बतख जैसी होती है, पूंछ बीवर जैसी सपाट, पंजे ऊदबिलाव जैसे और शरीर का आकार छोटे कुत्ते जैसा होता है। इसके पैरों में झिल्ली है जो तैरने में मदद करती है। नर प्लैटिपस के पिछले पैरों में जहर वाली स्पर (नुकीली संरचना) होती है जिससे ये खुद को बचाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ये दुनिया के कुछ विषैले स्तनधारियों में से एक है।




ज्यादातर स्तनधारी जीव बच्चे जन्म देते हैं, लेकिन प्लैटिपस और कुछ ईचिडना मोनोट्रेम्स नामक समूह के सदस्य हैं जो अंडे देते हैं। मादा प्लैटिपस दो से तीन अंडे देती है। ये अंडे नरम खोल वाले होते हैं। मां अंडों को अपने शरीर की गर्मी से सेती है। करीब दस दिन बाद बच्चे निकलते हैं। अंडों से बच्चे निकलने के बाद मादा उन्हें दूध पिलाती है। लेकिन प्लैटिपस में स्तन नहीं होते हैं। दूध सीधे पेट की त्वचा के छिद्रों से रिसता है। बच्चे मां के पेट पर चिपककर दूध चाटते हैं। यह दूध बहुत पौष्टिक होता है और बच्चों को तेजी से विकसित होने में मदद करता है।

## इंजीनियरिंग

### आखिर क्या है इसके पीछे का चमत्कारी कारण?

# जापान में हर साल आते हैं 1500 भूकंप लेकिन, शहर रहते हैं सुरक्षित!

**टोक्यो।** सोचिए अगर किसी देश में हर साल 1500 बार धरती हिले, तो वहां का नजारा कैसा होगा। लेकिन, जापान एक ऐसा देश है जो इस भयानक चुनौती को रोज झेलता है और फिर भी शान से खड़ा रहता है। चार खतरनाक टेक्टोनिक प्लेटों के मिलन बिंदु पर बसे होने के बाद भी यहां की इमारतें ताश के पत्तों की तरह नहीं बिखरतीं। इसके पीछे कोई चमत्कार नहीं, बल्कि जापानी वैज्ञानिकों की दशकों की रिसर्च, बेहतरीन इंजीनियरिंग और आपदा से लड़ने की कमाल की तैयारी है। यह देश पैसिफिक, फिलीपीन सी, यूरेशियन और नॉर्थ अमेरिकन नामक चार बड़ी टेक्टोनिक प्लेटों के ऊपर स्थित है। ये प्लेटें लगातार आपस में टकराती और एक-दूसरे के नीचे खिसकती रहती हैं। यही कारण है कि दुनिया के कुल खतरनाक भूकंपों का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले जापान और उसके आसपास के इलाकों में दर्ज किया जाता है।



### सख्त कानून और हर आपदा से सीखने की जिद

जापान ने अपने इतिहास में कई भयानक भूकंप झेले हैं, जैसे 1923 का ग्रेट कांतो भूकंप और 1995 का कोबे भूकंप. इन हादसों से सीख लेकर जापान ने अपने 'बिल्डिंग कोड' को दुनिया में सबसे सख्त बना दिया है। यहां कानूनन ऐसी इमारतें बनाना जरूरी है जो बिना गिरे भीषण झटके झेल सकें. वैज्ञानिक ई-डिफेंस नामक दुनिया के सबसे बड़े शेकिंग टेबल (भूकंप सिम्युलेटर) पर असली इमारतों का टेस्ट करते हैं ताकि कमियों को सुधारा जा सके।

### पलक झपकते ही चेतावनी देने वाला सिस्टम


जापान के पास दुनिया का सबसे तेज अर्थक्वेक अर्ली वार्निंग सिस्टम है। जैसे ही जमीन के अंदर प्राथमिक तरंगें उठती हैं, सेंसर उन्हें तुरंत पकड़ लेते हैं। विनाशकारी तरंगों के पहुंचने से कुछ सेकंड पहले ही पूरे देश के लोगों के मोबाइल पर अलर्ट चला जाता है। इतने कम समय में फैक्ट्रियों की मशीनें रुक जाती हैं, लिफ्ट सुरक्षित फ्लोर पर ठहर जाती हैं और लोगों को संभलने का मौका मिल जाता है।

### बुलेट ट्रेन में ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेक

जापान की मशहूर शिंकानसेन (बुलेट ट्रेन) सीधे राष्ट्रीय भूकंप डिटेक्शन नेटवर्क से जुड़ी हुई है। जैसे ही सेंसर को तेज झटके का आभास होता है, हाई-स्पीड बुलेट ट्रेनों में ऑटोमैटिक तरीके से इमरजेंसी ब्रेक लग जाते हैं। विनाशकारी लहरों के आने से पहले ही ट्रेनें सुरक्षित रूप से रुक जाती हैं, जिससे आज तक बड़ा ट्रेन हादसा नहीं हुआ है।

**प्राचीन कला से ली गई आधुनिक प्रेरणा :** दिलचस्प बात यह है कि जापान की यह समझ सिर्फ आधुनिक नहीं है। सदियों पुरानी लकड़ी की जापानी मीनारें हमेशा भूकंप में सुरक्षित रही हैं। उनके बीच में एक मुख्य लकड़ी का खंभा होता है जिसे 'शिनबाशिरा' कहते हैं। भूकंप के समय यह खंभा पूरी इमारत को लचीलापन देता है। आज के आधुनिक इंजीनियर इसी प्राचीन कला का अध्ययन करके गगनचुंबी इमारतें तैयार कर रहे हैं।

# सूरज में भयंकर विस्फोट धरती की तरफ बढ़ रहा भयंकर सौर तूफान



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में सूरज के अंदर हुए जबरदस्त विस्फोट के बाद अमेरिका में वैज्ञानिक अलर्ट पर हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस विस्फोट के बाद कोरोनल मास इजेक्शन हुआ है। यह इलेक्ट्रिक चार्ज वाले कणों के एक विशाल बादल की तरह है, जो धरती की तरफ बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने भारतीय समयानुसार 4 जुलाई को जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म का अलर्ट जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि सीएमई का कम से कम कुछ हिस्सा पृथ्वी से जोरदार ढंग से टकरा सकता है। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक चार्ज से लैस सीएमई जब पथ्वी की ओर आते हैं, तो वे हमारे ग्रह के मैग्नेटिक फील्ड के साथ कर सकते हैं और जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म पदा कर सकते हैं। इससे शानदार नॉर्दर्न लाइट्स दिखाई दे सकती हैं।

### सूरज पर क्या हुआ?

*30 जून को सूरज ने 'रीजन 4479' नाम के एक्टिव स्पॉट से एक शक्तिशाली एक्स1.1 क्लास सौर ज्वाला (सोलर फ्लेयर) छोड़ी। सूरज के जिस रीजन 4479 से यह ज्वाला निकली, उसका मुंह पृथ्वी की ओर था। इसके चलते विस्फोट के चलते निकली एक्स-रे की तेज लहरें 8 मिनट से कुछ ज्यादा समय में पृथ्वी पर पहुंचीं। इससे उत्तरी अमेरिका में दिन के समय तेज रेडियो ब्लैक आउट हुआ।*

# रहस्यमई मछली, जिसके अंदर झांक सकते हैं लोग

**नई दिल्ली।** समुद्र की गहराइयों में छिपी अनगिनत रहस्यमयी प्रजातियां इंसानों को लगातार हैरान करती रहती हैं। ऐसी ही एक अनोखी मछली है बैरेलाइन मछली , जिसका सिर पूरी तरह पारदर्शी यानी ट्रांसपेरेंट है। लोग इसके सिर के अंदर झांक सकते हैं। इसकी आंखें बाहर से ही नजर आती है। बैरेलाइन मछली समुद्र की सतह से करीब 2600 फीट (800 मीटर) नीचे रहती है, जहां रोशनी लगभग ना की मात्रा में पहुंचती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका ट्रांसपेरेंट सिर है। सिर के अंदर से इसकी बड़ी-बड़ी हरी चमकीली आंखें साफ दिखाई देती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह संरचना मछली को अंधेरे में बेहतर ढंग से शिकार देखने में मदद करती है। इसकी आंखें ट्यूब की तरह हैं और ऊपर की तरफ देख सकती हैं। जब शिकार ऊपर से आता है तो यह आसानी से उसे देख लेती है। ट्रांसपेरेंट सिर इसे अतिरिक्त सुरक्षा और विजन देता है।



### अन्य गहरे समुद्र के जीव

बैरेलाइन मछली अकेली नहीं है। समुद्र की गहराई में एंग्लर फिश, गुल्पर ईल, वाइपर फिश जैसी कई रहस्यमयी प्रजातियां हैं जो बायोलुमिनेसेंस (खुद रोशनी पैदा करने) की क्षमता रखती हैं। ऐसी प्रजातियों का अध्ययन हमें समुद्र की गहराइयों और पृथ्वी के विकास के बारे में नई जानकारी देता है। कई वैज्ञानिक इन मछलियों को देखकर हैरान रह जाते हैं कि प्रकृति ने इतनी गहराई में जीवित रहने के लिए कितने अनोखे तरीके विकसित किए हैं। बैरेलाइन मछली समुद्र की रहस्यमयी दुनिया का एक छोटा सा उदाहरण है। इसका ट्रांसपेरेंट सिर और चमकीली हरी आंखें हमें याद दिलाती हैं कि हमारी पृथ्वी पर अभी भी बहुत कुछ अनजाना है।

# पालतू कुत्ते को चूमने झुकी दृष्टिहीन महिला सिर टकराया और लौट आई रोशनी

**वेलिंगटन।** एक मामूली हादसे ने मेडिकल साइंस को भी हैरान कर दिया और एक महिला की जिंदगी में 13 साल बाद दोबारा उजाला भर दिया। यह अनोखी कहानी न्यूजीलैंड के ऑकलैंड की रहने वाली लिसा रीड की है। जब लिसा महज 11 साल की थीं, तब उनके दिमाग में एक ट्यूमर हो गया था। इस ट्यूमर ने उनकी आंखों की नसों को इतना दबा दिया कि उन्होंने अपनी देखने की क्षमता पूरी तरह खो दी। इसके बाद के 13 साल लिसा ने पूरी तरह अंधेरे में काटे और वह अपने हर छोटे-बड़े काम के लिए अपने गाइड डॉग पर निर्भर थीं। लेकिन, नवंबर 2000 की एक रात उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। लिसा रात को सोने से पहले अपने गाइड डॉग को गुडनाइट कहने के लिए नीचे झुकीं, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और उनका सिर पास रखी कॉफी टेबल से जोर से टकरा गया। सिर में दर्द होने की वजह से लिसा उस वक्त तो सो गईं, लेकिन अगली सुबह जब उनकी आंख खुली, तो वह दंग रह गईं। उन्हें धुंधला ही सही, लेकिन सामने की चीजें साफ नजर आ रही थीं। डॉक्टरों के पास भी इस घटना का कोई सटीक वैज्ञानिक जवाब नहीं था, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि टेबल से लगी उस चोट के कारण दिमाग का ट्यूमर अपनी जगह से थोड़ा खिसक गया होगा, जिससे आंखों की दबी हुई नसें आजाद हो गईं।




## रूफटॉप मिस्टिंग सिस्टम

### चीन का नया कारनामा

# गर्मी से निपटने के लिए बिल्डिंग की छत से पानी की बौछार

**बीजिंग।** चीन के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए वहां एक अनोखा तरीका अपनाया गया है। उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के युन्चेंग शहर में ऊंची रिहायशी इमारतों की छतों पर खास रूफटॉप मिस्टिंग सिस्टम लगाया गया है।

यह सिस्टम हवा में पानी की बहुत बारीक फुहार छोड़ता है, जिससे आसपास का तापमान कम होता है और लोगों को गर्मी से राहत मिलती है। इस तकनीक के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारतों की छतों से घने बादलों जैसी पानी की धुंध निकल रही है, जो नीचे सड़कों और पैदल चलने वाले रास्तों तक फैल जाती है।



**कई शहर तापमान कम करने के नए तरीके खोज रहे**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फुहार आसपास के क्षेत्र को ठंडा रखने में मदद करती है और तेज धूप तथा गर्म हवाओं के असर को कम करती है। भीषण गर्मी के बीच यह अनोखी व्यवस्था लोगों का ध्यान खींच रही है। बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन के बीच कई शहर तापमान कम करने के नए तरीके खोज रहे हैं। ऐसे में चीन का यह प्रयोग दिखाता है कि भविष्य में शहरों की योजना और इमारतों के डिजाइन में भी बदलाव करना पड़ सकता है।

### कैसे काम करता है यह कूलिंग सिस्टम?

यह सिस्टम इवेपोरेटिव कूलिंग के वैज्ञानिक सिद्धांत पर काम करता है। इसके तहत इमारतों की छतों पर लगाए गए हाई-प्रेशर नोजल हवा में पानी की बेहद बारीक बूंदों का छिड़काव करते हैं। जब ये बूंदें हवा में होती हैं, तो आसपास की गर्मी को अपने साथ सोख लेती हैं। ठीक उसी तरह जैसे पसीना शरीर से गर्मी खींचकर हमें ठंडक पहुंचाता है। चीनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जब बाहर का तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस होता है, तब यह सिस्टम कुछ ही मिनटों में आसपास के इलाके का तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकता है। इस सिस्टम की खास बात यह है कि पानी की बूंदें बहुत छोटी होती हैं। इसलिए गर्म और सूखे मौसम में वे तेजी से भाप में बदल जाती हैं। इससे सड़कों, इमारतों या लोगों के कपड़ों पर ज्यादा पानी नहीं पड़ता, लेकिन, वातावरण में ठंडक महसूस होने लगती है। भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरों के लिए यह तकनीक एक नया और प्रभावी समाधान मानी जा रही है, जो लोगों को राहत देने के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में तापमान कम करने में भी मदद कर सकती है




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com